दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 289 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 14 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजन लाल की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात : विकास योजनाओं को गति देने के जोरदार प्रयास

## केंद्रीय शहरी विकास और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से की मुलाकात, मेट्रो फेज द्वितीय चरण, ईआरसीपी प्रोजेक्ट और प्रदेश में बिजली तंत्र को और मजबूत करने जैसी योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने की सार्थक चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अब तक अपने कार्यकाल में दिल्ली में जितने भी दौरे किये और दिल्ली में जितनी बार भी केंद्रीय मंत्रियों से उन्होंने मुलाकात की वे हर बार प्रदेश के विकास के लिए दिल्ली से बड़ी-बड़ी सौगात और बड़ी-बड़ी सहायता राशि लेकर जयपुर लौटे हैं । गुरुवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से प्रदेश के विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की । जिसमें उन्हें सफलता भी मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दिल्ली दौरा प्रदेश के लोगों के लिए और प्रदेश के विकास के लिए काफी अच्छा साबित हुआ है । मुख्यमंत्री शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय शहरी और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से फिर से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने जयपुर मेट्रो फेज के द्वितीय चरण के संपादन को लेकर राजस्थान सरकार का पक्ष रखा और इस कार्य के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग मांगा इसके अलावा प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जिन जिन शहरों में कार्य हो रहे हैं । उन शहरों के कार्योंके बारे में भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया और स्मार्ट सिटी योजना के तहत हो रहे। कार्यों के लिए वित्तीय मदद की जरूरत बताई इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में बिजली तंत्र को और मजबूत करने के लिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान सरकार की ओर से किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी





हालांकि केंद्रीय मंत्री अच्छी तरह से जानते हैं कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन है। मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में सौर ऊर्जा के संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाने और प्रचार प्रचार करने के लिए राजस्थान सरकार की ओर से की गई तैयारी के बारे में बताया केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राजस्थान सरकार के सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की खूब तारीफ की और उन्होंने राजस्थान सरकार को इस क्षेत्र में आगे भी वित्तीय मदद देने का पूरा भरोसा दिलाया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से मुलाकात की पाटिल के साथ हुई। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री शर्मा ने ईआरसीपी प्रोजेक्ट के तहत अब तक हुए कार्यों के बारे में केंद्रीय मंत्री को विस्तार से जानकारी दी और इस प्रोजेक्ट पर सरकार गंभीरता से काम कर रही है। इस प्रोजेक्ट के संपादन के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से प्रोजेक्ट के लिए आर्थिक स्वीकृति प्रदान करने की बात कही मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को भरोसे के साथ कहा कि सरकार इस महत्वपूर्ण योजना को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए पूरी तरह से संकल्पित है और इस योजना की प्रगति रिपोर्ट पर वे खुद बराबर निगरानी रखते हैं और बराबर इस प्रोजेक्ट कार्यों का फीडबैक लेते रहते हैं। इसलिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस प्रोजेक्ट के आगामी कार्यों को लेकर केंद्र की वित्तीय स्वीकृति को जरूरी बताया जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इस प्रोजेक्ट के लिए हर संभव आर्थिक सहयोग देने की बात कही जानकारी के अनुसार भजनलाल सरकार की यह पूरी कोशिश है कि प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट ईआरसीपी के पूरी तरह से धरातल पर कार्य करने का छायाचित्र प्रदेश की जनता के सम्मुख प्रस्तुत किया जाए। हालांकि इस प्रोजेक्ट पर सरकार की ओर से गंभीरता से कार्य किया जा रहा है प्रदेश में अलग-अलग जगह पर इस प्रोजेक्ट से जुड़े कार्यों पर जोर-जोर से काम जारी है क्योंकि यह प्रोजेक्ट काफी बड़ा है और इसमें हजारों करोड रुपए खर्च होंगे यह अकेले राजस्थान सरकार के बूते की बात नहीं है। केंद्र सरकार इस प्रोजेक्ट में बड़ी भागीदारी निभा रही है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से इस प्रोजेक्ट से जुड़े आगामी कार्यों का विवरण प्रस्तुत करके वित्तीय मदद मांगी है। जिस पर केंद्रीय मंत्री की ओर से सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाया गया है।

## जोधपुर हाउस में मदन राठौड़ ने भी भजन लाल शर्मा से की मुलाकात

गुरुवार को राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ भी दिल्ली दौरे पर थे एक तरफ मुख्यमंत्री शर्मा दिल्ली दौरे पर तो दूसरी तरफ मदन राठौड़ के भी दिल्ली दौरे पर रहने से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है भारतीय जनता पार्टी के गलियारों में भी लोग अलग-अलग कयास लग रहे हैं इस बीच मदन राठौड़ ने दिल्ली में जोधपुर हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लंबी मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर और कई विषयों को लेकर आपस में चर्चा हुई है कुछ लोग कह रहे हैं कि हो सकता है आने वाले दिनों में राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार और फेरबदल हो जाए शायद यही वजह है कि दोनों नेता एक साथ दिल्ली में अपनी उपस्थिति दिख रहे हैं शुक्रवार को अंता विधानसभा सीट पर भी चुनाव के नतीजे आने वाले हैं ऐसे में मुख्यमंत्री शर्मा और मदन राठौड़ का दिल्ली में मुलाकात करना कहीं ना कहीं यह दिखा रहा है कि अब एक तरफ जहां राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार और फिर बदल जल्दी ही हो सकता है फेरबदल बहुत जल्दी ही हो सकता है तो दूसरी तरफ मदन राठौड़ की नई टीम का मामला जो पिछले कुछ महीनो से दिल्ली में ही अटका हुआ है राठौर को अपनी नई टीम के ऐलान की हरी झंडी भी अब बहुत जल्दी मिल सकती है

# मोदी और भजनलाल सरकार ने महिलाओं को लेकर कई कदम उठाए, महिलाएं अपनी ताकत को समझें : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को जयपुर में राजा पार्क में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के महिला सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपनी अंदर की छुपी हुई शक्ति को पहचाने और अपनी प्रतिभा को सामने लाएं उन्होंने कहा कि महिलाएं सिर्फ परिवार के बारे में ही नहीं सोचती बल्कि उनका समाज प्रदेश और देश के विकास में भी बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजन लाल सरकार दोनों ही सरकारों ने महिलाओं के हितों की रक्षा करने और महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कई निर्णय लिए हैं इसलिए महिलाओं को अब सरकार पुरुषों के बराबर अवसर और महत्व दे रही है चाहे पंचायत राज संस्थाओं चाहे नगर निकाय हो महिलाओं का प्रतिनिधित्व साफ नजर आ रहा है और आने वाले दिनों में विधानसभा और



लोकसभा में भी और भी महिलाओं के लिए और थे अवसर और मौके मिलेंगे दिया कुमारी ने कहा कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और लोगों की समस्याओं को भी ज्यादा सुनती हैं इसलिए महिलाओं की आज हर क्षेत्र में भागीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि नहीं नहीं मिले नहीं पाते हैं आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल रही हैं सरकार ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं जिनके माध्यम से महिलाएं खुद का बिजनेस और अन्य कई तरह के कार्य शुरू करके परिवार समाज और देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 19 नवंबर को प्रदेश के सभी संभाग में घूमर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें 12 साल से अधिक आयु की बालिकाओं और महिलाओं को शामिल किया जा रहा है इसमें महिलाओं के ग्रुप भी शामिल हो सकते हैं। इसके लिए बाकायदा रजिस्ट्रेशन किया गया है इस घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार की ओर से जोरदार प्रयास किया जा रहे हैं पर्यटन कैलेंडर में भी घूमर महोत्सव को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब प्रदेश के सभी संभाग में इस ऐतिहासिक घूमर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला संस्कृति खान-पान वेशभूषा सब कुछ पूरी दुनिया में निराली है यहां का कलर यहां के किले यहां की बावड़ी यहां के ऐतिहासिक इमारत जिन्हें देखने के लिए हर साल बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक आते हैं ऐसे में इस राजस्थानी घूमर नृत्य को पूरे विश्व में अलग पहचान और लोकप्रियता दिलाने के लिए यह ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। घूमर महोत्सव का वकायदा लाइव प्रसारण भी किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग राजस्थानी नृत्य से परिचित हो सके और आनंदित हो सके द्य शहर भाजपा की ओर से गुरुवार को जयपुर के राजा पार्क में भाटिया भवन में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था इसमें शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित गोयल के अलावा जयपुर सांसद मंजू शर्मा और अन्य भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता मौजूद रहे ।

# केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने भजनलाल शर्मा से जोधपुर हाउस में की मुलाकात, किसान और खेती पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री ने गुरुवार को दिल्ली के जोधपुर हाउस में राजस्थान के मुख्यमंत्री शभजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के मूंग और मूंगफली किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेंचने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों बीकानेर से किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मिला था तथा गिरदावरी रिपोर्ट तथा मंडी मे टोकन बंटवारे में आनियमितता और पुस्तैनी भूमि के नामांतरण के सही दर्ज न होने के कारण किसानों को मंडी में अपनी फसल-उपज बेचने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया था। इन समस्याओं के कारण किसानों को अपनी मूंगफली उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य रू.7263 प्रति कुंतल के बजाए लगभग रू. 4000 से 5000 के बीच बेचना पड़ रहा है। ?मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे इस मामले की



समुचित जांच कराकर उचित कार्यवाही करेंगे । इसके अलावा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री ने भरतपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान तथा स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोलने तथा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आईटीआई अपग्रेडेशन स्कीम के सुचारू क्रियान्वयन बारे में भी चर्चा की।

# कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के डूंगरपुर आगमन पर जोरदार तैयारी, प्रशासन और पुलिस अलर्ट

## बिरसा मुंडा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आदिवासियों के भगवान माने जाने वाले बिरसा मुंडा के 150 में जन्म उत्सव के अवसर पर कल डूंगरपुर में राजस्थान सरकार की ओर से राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्य और आदिवासी समाज के बड़े नेता मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों के आने की संभावना है । यह विशाल ऐतिहासिक आयोजन डूंगरपुर स्थित कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। सभा स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं इसके अलावा सभा स्थल पर विशाल टेंट स्थापित किया गया है। सभा में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए तमाम तरह की यहां व्यवस्था की गई है जिसमें पीने का पानी चिकित्सा सुलभ शौचालय पार्किंग इत्यादि सभी सुविधा यहां सुनिश्चित की गई है। संभागीय आयुक्त और संबंधित पुलिस महानिरीक्षक इस पूरे आयोजन की व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं क्योंकि इस सभा में उदयपुर डूंगरपुर बांसवाड़ा चित्तौड़गढ़ राजसमंद भीलवाड़ा कोटा झालावाड़ इत्यादि जगहों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों की आने की संभावना है । इसके अलावा गुजरात और मध्य प्रदेश से भी यहां आदिवासी समाज के लोगों की आने की बात कहीं जा रही है। सरकारी स्तर पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा खुद काफी गंभीर और सजग हैं इस समारोह के सफल आयोजन के लिए पिछले दिनों उन्होंने बड़ी बैठक का भी आयोजन किया था और इस समारोह को ऐतिहासिक तरीके से संपादित करने



के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा था की सभा में आने वाले लोगों का पूरा ध्यान रखा जाए जानकार लोगों का कहना है कि बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के भगवान माने जाते हैं। इसलिए प्रदेश की बजरंग लाल बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के भगवान माने जाते हैं इसलिए प्रदेश की बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के भगवान माने जाते हैं इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के आदिवासी समाज में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती को ऐतिहासिक और शानदार तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया ताकि आदिवासी समाज को यह वालों की सरकार उनकी भावनाओं को अच्छी तरह से समझती है और उनकी भावनाओं का आदर करती है जानकार लोगों का कहना है कि निश्चित रूप से राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कहीं ना कहीं आदिवासी समाज को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने के लिए एक बड़ा माध्यम बनेगा जो भारत आदिवासी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के लिए आने वाले दिनों में चिंता का विषय बन सकता है क्योंकि भारत आदिवासी पार्टी का आदिवासी अंचल में विस्तार हो रहा है इसलिए अगर इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग अपनी उपस्थिति दिखाते हैं तो फिर जाहिर सी बात है भारतीय जनता पार्टी कहीं ना कहीं आदिवासी समाज का दिल जीतने में भी सफल हो जाएगी जो कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है

# अंता उपचुनाव : मतगणनाआज सुबह 8 :00 से, दोपहर तक आ जाएगा परिणाम

## 14 टेबल पर 20 राउंड में होगी गणना, मोरपाल सुमन, प्रमोद जैन भाया और नरेश मीणा के भाग्य का फैसला आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बारा बॉयज कॉलेज में आज सुबह 8:00 बजे से अंता विधानसभा क्षेत्र में कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच मतगणना शुरू होगी दोपहर तक परिणाम डिक्लेयर होने की भी संभावना है। निर्वाचन विभाग ने वोटिंग की गिनती की व्यवस्थाओं से जुड़ी सभी तैयारी पूरी कर ली है। इस सीट पर उपचुनाव में 15 उम्मीदवार थे इसलिए इन 15 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज दोपहर तक हो जाएगा । राजनीतिक गलियों में मुकाबला बताया जा रहा है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। हालांकि राजनीतिक के जानकार लोगों का कहना है कि नरेश मीणा ने कांग्रेस और भाजपा में जिस कैंडिडेट के वोट काटते हैं उस कैंडिडेट की जीत मुश्किल है कहा यह जा रहा है कि नरेश मीणा



ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया को मिलने वाले मतों में सेंधमारी है इसलिए इसका फायदा भाजपा प्रत्याशी को मिल सकता है । इसलिए अधिकांश लोग यहां पर मोरपाल सुमन की जीत का दावा कर रहे हैं तो कांग्रेस पार्टी के तमाम बड़े नेता प्रमोद जैन भाया की जीत को सुनिश्चित बता रहे हैं तो नरेश मीणा के समर्थक नरेश मीणा की जीत का दावा कर रहे हैं। सबके अपने-अपने दावे हैं लेकिन जीत किसके अकाउंट में जाएगी इसका पता आज दोपहर ही चल पाएगा उपचुनाव में इस सीट पर रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ है बड़ी संख्या में मतदाताओं ने यहां अपने मत का प्रयोग किया जो अच्छी बात है। इसलिए पब्लिक ने जिस तरह से यहां मतदान में अपना रुझान दिखाया



है इस रुझान के पीछे पब्लिक के दिल में क्या है इसका जवाब आज दोपहर ही मिल पाएगा। अगर यहां पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया जीत हासिल करते हैं तो वह इस सीट पर चौथी बार विधायक चुने जाएंगे उन्होंने अब तक इस सीट से 5 बार चुनाव लड़ा है जिसमें दो बार उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और एक बार 2003 में शुरू में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और चुनाव जीते थे पिछला विधानसभा चुनाव प्रमोद जैन भाया भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से करीब 5000 वोट के अंतर से हारे थे इस बार नरेश मीणा के निर्दलीय चुनाव लड़ने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान नरेश मीणा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमला बोलने की बजाय उन्होंने चुनाव प्रचार में प्रमोद जैन भाया को लेकर ही कई तरह की बातें कहीं। कई तरह के आरोप भी लगाए। नरेश मीणा और प्रमोद जैन भैया के बीच आपस में कई सालों से टकराव के हालात भी बने हुए हैं और इस सीट पर मीणा समाज के मतदाताओं की संख्या काफी अच्छी है मीणा समाज हमेशा कांग्रेस पार्टी को ज्यादा वोट करता आया है लेकिन नरेश मीणा के मीणा समाज से ताल्लुक होने की वजह से इस बार राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि इस बार नरेश मीणा को मीणा समाज के अधिकांश वोट मिले हैं हालांकि प्रमोद जैन भाया इस सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं गहलोत सरकार में मंत्री भी रहे हैं और जहां कई तरह के सामाजिक सरोकारों के कामों में उनकी बड़ी भूमिका रही है क्षेत्र में विकास कार्य भी करवाए हैं उनकी हर जाति और बिरादरी में पकड़ भी है लेकिन इस बार नरेश मीणा के निर्दलीय खड़े होने से उनकी परेशानी कहीं ना कहीं ज्यादा बढ़ गई इसलिए नरेश मीणा के खड़े होने का फायदा यहां बीजेपी कैंडिडेट को सीधा मिलने की बात कही जा रही है वैसे भी प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है केंद्र में भी भाजपा की सरकार है ।

## भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में आज व कल होगा प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वी. जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 14 व 15 नवम्बर को प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें भगवान बिरसा मुण्डा द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई भूमिका और राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली आमजन को संबोधित करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ओवर ऑल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 14 नवम्र को प्रातः 11.30 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर को विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगे जिसके तहत प्रातः 9.00 बजे शोभा यात्रा व प्रभात फेरी राजीव गांधी पार्क, मोती डूंगरी से प्रताप ऑडिटोरियम तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रताप ऑडिटोरियम में भगवान बिरसा मुण्डा एवं जनजातिय स्वतंत्रता सैनानियों की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली कार्यक्रम, जनजातिय गौरव दिवस 2025 थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। साथ ही जिला स्तरीय लाभार्थी सन्तृप्ति शिविर का आयोजन व जनजाति महापुरूषों, स्वतंत्रता सैनानियों एवं संतों से जुडी डॉक्यूमेन्ट्री फिल्मों का प्रदर्शन व मेडिकल कैम्प एवं राजीविका आदिवासी महिलाओं द्वारा हाट व स्वदेशी मार्ट लगाया जाएगा।

## वन राज्य मंत्री शर्मा करेंगे सामान्य चिकित्सालय में पेन एंड पैलियेटिव केयर क्लिनिक का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एंव पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा के द्वारा 14 नवम्बर को प्रातः 9 बजे सामान्य चिकित्सालय अलवर में पेन एंड पैलियेटिव केयर क्लिनिक का शुभारंभ करेंगें। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि पैलियेटिव केयर एक राष्ट्रीय स्तरीय महत्वाकांक्षी योजना है। रा'य सरकार असाध्य रोगों एंव कैंसर से पीडित मरीजों को पेन एंव पैलियेटिव केयर की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु जिला चिकित्सालय अलवर में सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही बैड रिडन मरीजो के असाध्य रोगों के लिए उन्हे होम बेस्ड केयर उपलब्ध कराई जावेगी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पेन एंव पैलियेटिव केयर का प्रशिक्षण प्राप्त डॉ.प्रमोद जैन एंव डा. विजय चौधरी अपनी सेवाएं इस ईकाई में देगें।

## नि:शुल्क दन्त रोग एवं चर्म रोग जांच शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केंन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में 14 नवम् बर, शुक्रवार को नि:शुल्क चर्म रोग जाँच एवं दन्त रोग शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक लगाया जायेगा। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि इस शिविर में डॉ. ध्रवी भारद्वाज (चर्म रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. शैली जैन (दन्त रोग विशेषज्ञ) द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामार्श दिया जायेगा। चर्म एवं दन्त रोग के मरीज शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर नि:शुल्क परामर्श प्राप्त करे।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. सेनानी आर्य की जयंती आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ओम आर्य जीनियस एकेडमी, 35 परिवहन नगर, सूर्य नगर, अलवर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती व नगर नायक कर्मठ आर्य समाजी स्वतन्त्रता सेनानी स्व. ओमप्रकाश आर्य की 95वीं जयन्ती 14 नवम्बर, शुक्रवार को बाल दिवस के रूप में मनाई जायेगी। संस्था प्रधान महेन्द्र कुमार ने बताया कि बाल दिवस कार्यक्रम के तहत बालक/ बालिकाओं की जलेबी रेस, केला रेस, गुब्बारा रेस, कंचा रेस, मटका रेस, बोरी रेस व तीन टांग की दौड का आयोजन किया जायेगा। इसी के साथ ही छात्र/छात्राओं की शारीरिक व्यायाम के अन्तर्गत विभिन्न क्रियात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। संस्था प्रधान ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सांय 4 बजे राजगुप्ता सभागार, मीरा धाम पर यज्ञ/हवन किया जायेगा। जिसमें शहर की सामाजिक संस्थाएँ व आर्य समाज के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. की 28 नवम्बर को आमसभा होगी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.अलवर के प्रबन्ध संचालक उमाशंकर चौधरी ने बताया कि संघ की 36 वी. वार्षिक आमसभा 28 नवम्बर को दोपहर 12.15 बजे अलवर दुग्ध संघ परिसर में आयोजित होगी।

## अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के आवेदन प्रारंभ 17 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, खैरथल-तिजारा रमेश दहमीवाल ने बताया कि अपने घर से दूर रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित 'अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना' के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 17 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होकर 31 दिसम्बर 2025 तक संचालित रहेगा। इच्छुक विद्यार्थी ई-मित्र कियोस्क या अपने एस.एस.ओ. आई.डी. के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर SIMS SMS आईकन पर क्लिक करें। इसके पश्चात खुलने वाले डैशबोर्ड पर DBT Voucher आईकन चुनकर जनाधार आईडी के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। योजना से संबंधित पात्रता, शर्तें एवं सामान्य दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

# संबंधित विभाग आपसी सहभागिता से कार्यक्रमों का सफल आयोजन करें सुनिश्चित - अतिरिक्त जिला कलेक्टर



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिले एवं गांव क्यारा में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों, नवाचारों तथा कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाते हुए सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए जिससे भगवान बिरसा मुंडा का प्रेरणादायी जीवन जन-जन तक पहुंच सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को प्रत्येक देशवासी तक पहुंचाने के लिए हर वर्ष 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। इसी के तहत 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले में विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में 14 व 15 नवंबर को जिला स्तर पर संबंधित विभाग प्रतिदिन गतिविधियां तथा कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। एडीएम शिवपाल जाट ने बताया कि 14 नवंबर को दो दिवसीय प्रदर्शनी का प्रातः 11:15 बजे अतिथिगणों द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। 15 नवंबर को शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा तथा प्रमुख चौराहों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सभागार बैठक का आयोजन जिला सचिवालय खैरथल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में किया जाएगा, जिसमें जनजातीय वर्ग के हितों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। लाभार्थी सन्तृप्ति (Saturation) शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा ताकि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके। चिकित्सा विभाग द्वारा जिला स्तरीय चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में सभी विभागों का आपसी समन्वय एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जिला स्तर पर विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, अधीक्षण अभियंता जिला परिषद सहित पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## वन विभाग ने की कार्रवाई- 8 बीघा वन भूमि में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया





जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(अलवर)(निसं.)।** न्यायालय सहायक वन संरक्षक राजगढ़ के आदेशों की पालना में गुरुवार को वन संरक्षक राजगढ़ पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत व क्षेत्रीय वन अधिकारी राजगढ़ राहुल फौजदार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने पुलिस थाना टहला के सहयोग से वन भूमि पर हुए एक बड़े अतिक्रमण को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई ग्राम कुंडला (राजपुर बड़ा) के अतिक्रमण स्थल गिर्राज मीणा पुत्र श्रवण मीणा के वनखण्ड कुंडला में खसरा सं. 53 में की गई। यहां करीब 7-8 बीघा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी। वन विभाग ने 2 जेसीबी मशीनों के सहयोग से लगभग 2-3 घंटे की भारी मशक्कत के बाद बोई हुई सरसों की फसल को नष्ट किया और खेतों में बनाए गए मेड़ व 2 झोंपड़ों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर विभाग ने वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर अवैध कब्ज़े को बेदखल कर संपूर्ण वन भूमि को कब्जे में ले लिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत सहायक वन संरक्षक राजगढ़, राहुल फौजदार क्षेत्रीय वन अधिकारी राजगढ़, जितेन्द्र सैन क्षेत्रीय वन अधिकारी थानागाजी, प्रदीप यादव रेंजर गस्तीदल, मनोज कुमार रेंजर गस्तीदल, जसवंत सिंह नाका प्रभारी कुंडला, दिलीप सिंह सहायक वनपाल, राकेश यादव सहायक वनपाल, विजेन्द्र सहायक वनपाल, हरकेश सहा. वनपाल, शकुंतला सैनी सहा. वनपाल राजगढ़, शिवचरण, पवन, लोकेश चौधरी, रिंकू, गणेश,शीला, रामकली,निरमा बाई व अन्य 40-50 स्टाफ कार्यवाही में मौजूद रहे।

## गौ रक्षा निबन्ध प्रतियोगिता में उज्जवल ने प्रथम व याशिका ने पाया दूसरा स्थान

### लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा आयोजित गौ रक्षा निबन्ध प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9, जोन - 4, क्लब संख्या 095645 के लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों द्वारा बुध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदी गौशाला में आर बालियान पब्लिक स्कूल के संचालक रविन्द्र बालियान एवं अचला बालियान के दिशा-निर्देशन में बच्चो का भ्रमण करवाया गया। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की सचिव लायन सुधा अग्रवाल ने बताया कि भ्रमण में कक्षा 6, 7, 8 के बच्चो ने भाग लिया। सभी बच्चो को गौ शाला के हर स्थान को दिखाया, साथ ही बच्चो को ये भी बताया गया कि इस गौ शाला को खोलने के पीछे क्या उद्देश्य है कैसे घायल, असहाय, बीमार गायों, बैलो को यहाँ लाकर उनकी देखभाल की जाती है उनका उपचार किया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को गौ रक्षा पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। जिसमे कक्षा 7, 8 के बच्चो ने भाग लिया। निबन्ध प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरूस्कार देने के लिये गुरुवार को आर बालियान पब्लिक स्कूल में पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पीडीजी एमजेएफ लायन शशि गोयल, अति विशिष्ट अतिथि क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मंजू अग्रवाल रहीं। इस मौके पर अतिथियों ने अपने विचार रखे। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की सचिव लायन सुधा अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदीगौशाला में अनावृत 01 जुलाई 2025 से लगातार गौ सवामनी का आयोजन किया जा रहा है। नंदी गौ शाला में गाय-बैलो को गुड एवं हरा चारा, सब्जियां खिलाई गई। वही घायल, बीमार गायों, बैलो का इलाज भी करके उनकी सेवा की गई। बच्चो द्वारा गौ रक्षा पर लिखे निबन्ध प्रतियोगिता में आज पुरूस्कार वितरण समारोह में प्रथम स्थान पर रही कक्षा 7 के उज्जवल, दूसरे स्थान पर कक्षा 8 की याशिका तथा तीसरे स्थान पर कक्षा 7 की लक्षिता रही। सांत्वना पुरूस्कार 7 वीं कक्षा की सिमर कौर, कशिश, वंशिका को तथा कक्षा 8 में निशा कसाना, ऋषभ,मानसी को दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अलवर मत्स्य से पीडीजी एमजेएफ लायन शशि गोयल, क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मंजू अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक लायन सतीश कुमार गुप्ता, सह-संयोजक लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल, लायन प्रदीप कुमार धामानी, लायन घनश्याम अग्रवाल, उपस्थित रहे। आर बालियान पब्लिक स्कूल से रविन्द्र बालियान, अचला बालियान, जय प्रकाश गुप्ता, हेमलता गुप्ता, अध्यापिकाओ में नीलम शर्मा, कविता जैन, पूनम कौशिक, पिंकी सैनी, शशि यादव, रीना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल सहित बडी संख्या में बच्चो ने बढ-चढकर भाग लिया। मंच संचालन एम.जे.एफ.लायन गिरीश गुप्ता ने किया।

## छात्रों को जोखिम प्रबंधन तथा आर्थिक साक्षरता के महत्व पर दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन कम्मोडिटी मार्केट का आयोजन योजना मंच के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आर. आर. सोनी फाइनेंशियल एजुकेटर एण्ड ट्रेनर, सेबी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कमोडिटी मार्केट, निवेश के अवसर, जोखिम प्रबंधन तथा आर्थिक साक्षरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता और भविष्य की आर्थिक समझ को मजबूत करते हैं। प्रो. (डॉ.) पी. एम. मीणा ने वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता पर अपना व्यक्तव्य दिया। विषय प्रवर्तन एवं कार्यक्रम का संचालन योजना मंच के संयोजक डॉ. अशोक मीना द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. शिव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उद्यानिकी फसलों के बेहतर प्रबन्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाओं में दिये जा रहे है आकर्षक अनुदान

### इच्छुक कृषक, उद्यमी व कृषक समूह प्राप्त कर सकते है अनुदान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल.मीना ने बताया कि उद्यानिकी उत्पादों की फसलों की तुडाई उपरान्त हानि को कम करने, संरक्षित करने, गुणवत्ता बनाये रखने, सेल्फ लाईफ बढाने, कृषकों को उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलवाकर कृषकों की आय में वृद्धि करने तथा उपभोक्ताओं को वर्ष भर ताजा एवं पौष्टिक खाद्य उपलब्ध कराने हेतु कोल्ड चैन एवं प्रोसेसिंग के लिए उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न अनुदान योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के लिए अधिकतम 4.8 करोड (5 हजार मैट्रिक टन क्षमता तक) लागत तक लागत का 35' अनुदान देय होगा। इसी प्रकार फार्म गेट पैक हाउस के लिए अधिकतम 25 लाख प्रति इकाई लागत तक लागत का 50' अनुदान, इंटीग्रेटेड पैक हाउस के लिए अधिकतम 160 लाख प्रति इकाई लागत तक लागत का 35' अनुदान, कोल्ड रूम (स्टेजिंग) के लिए अधिकतम 52 लाख प्रति इकाई लागत तक लागत का 35' अनुदान, वातानुकूलित परिवहन वाहन के लिए अधिकतम 31 लाख प्रति इकाई लागत तक लागत का 35' अनुदान, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट के लिए अधिकतम 35 लाख प्रति इकाई लागत तक लागत का 35' अनुदान, फ्रुट राईपनिंग चैम्बर के लिए अधिकतम 3 करोड प्रति इकाई लागत तक लागत का 35 प्रतिशत अनुदान तथा सैकेण्डरी प्रोसेसिंग यूनिट के लिए अधिकतम 1 करोड प्रति इकाई लागत तक लागत का 35' अनुदान देय होगा। उन्होंने बताया कि कम क्षमता की इकाईयों पर प्रोरेटा आधार पर अनुदान तथा अनुसूचित क्षेत्रों के लिए उपरोक्त समस्त कंपोनेन्ट पर 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कृषक, उद्यमी व कृषक समूह को अनुदान देय है। अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्रा के कृषि परिवेक्षक, उपनिदेशक उद्यान कार्यालय से सम्पर्क जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा राज किसान साथी पोर्टल से भी जानकारी ले सकते है।

## काल भैरव अष्टमी पर महा आरती का आयोजन हुआ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के नानसा गेट स्थित श्री नृसिंह भैरव धाम में बुधवार को काल भैरव अष्टमी पर महा आरती का आयोजन हुआ। महंत अरूण गौड़ ने बताया कि काल भैरव अष्टमी के पर्व पर ढोल मजीरा की ताल पर महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें नगर के व्यापारीगण और मातृशक्ति मोजूद हुईं। जिसमें अभिषेक,आशु, दलिप कुमार, सुभाष हिंद वस्त्र भण्डार,भरत शर्मा, सुजल शर्मा, कानु , मुरली मनोहर चोबदार,तरूण मिंतर , दिनेश शर्मा, गणेश मंदिर के पुजारी आदि शामिल हुए।

## माडासी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित, दो लाभार्थियों को पट्टे वितरित




**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ के ग्राम पंचायत माडासी में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में दो लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए। इस अवसर पर नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा ने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान सुंडा ने कहा कि शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शिविर के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा, विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ रितेश सांखला, प्रशासक सरपंच अनिता ऐचरा, सहायक विकास अधिकारी देवीदत्त शर्मा, कनिष्ठ सहायक संगीता जाखड़ और कनिष्ठ सहायक मंजू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही कई प्रशासनिक कार्य निस्तारित किए गए।

# नीरजा मोदी अमायरा सुसाइडप्रकरण : राष्ट्रीय बाल संरक्षण टीम अलर्ट मोड पर




**राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम ने स्कूल प्रशासन, अमायरा के पेरेंट्स, पुलिस और जिला कलेक्टर से भी मामले को लेकर फीडबैक लिया**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर के बहुचर्चित नीरजा मोदी स्कूल के अमायरा सुसाइड प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम अलर्ट मोड नजर आ रही है। इसी क्रम में आयोग की दो सदस्यों की टीम ने गुरुवार को इस पूरे मामले को लेकर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के अलावा इस मामले की जांच कर रहे पुलिस के अधिकारियों से चर्चा की और घटना को लेकर आवश्यक जानकारी हासिल की इस दौरान आयोग की टीम ने नीरजा मोदी स्कूल का भी दौरा किया तथा स्कूल के प्रिंसिपल वाइस प्रिंसिपल और अमायरा की क्लास टीचर के भी बयान लिए तथा अमायरा के साथ पढ़ने वाले बच्चों से भी आयोग की टीम ने घटना के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल करने का प्रयास किया आयोग की टीम ने घटना स्थल की भी जांच पड़ताल की और स्कूल की जिस बिल्डिंग से अमायरा ने छलांग लगाई । उस जगह को भी ध्यान पूर्वक देखा सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड इत्यादि के बारे में भी आयोग की टीम ने पूछताछ की है । जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले को आयोग ने काफी गंभीरता से लिया है और ऑन द स्पॉट आयोग खुद इस पूरे मामले की जांच पड़ताल करता हुआ दिख रहा है । ।हालांकि इस घटना को हुए करीब 12 दिन बीत गए लेकिन जांच कहां और किस दिशा में जा रही है यह खुलकर सामने नहीं आ पा रही अमायरा के पेरेंट्स भी यही कह रहे हैं कि इतने दिन भी जाने के बावजूद भी अभी तक इस मामले में जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है हालांकि पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है इसके अलावा शिक्षा विभाग के पांच सदस्यों की टीम भी इस पूरे मामले की जांच कर रही है लेकिन जांच कब कंपलीट होगी और किस दिशा में जा रही है यह कोई भी बताने को तैयार नहीं है इस मामले को लेकर आयोग की टीम ने जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी से भी काफी देर तक बातचीत की है । बातचीत के दौरान शहर पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे इसके अलावा इस मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी भी शामिल थे । इससे पहले आयोग की टीम अमायरा के ननिहाल गई वहां अमायरा के माता-पिता और अन्य परिजनों से बातचीत की और इस घटना से जुड़े सभी छोटे-बड़े विषयों को लेकर और छोटे-बड़े डाउट को लेकर आयोग की टीम ने अमायरा के पेरेंट्स से भी पूछताछ की हालांकि आयोग की टीम से मुलाकात के दौरान भी अमायरा के माता-पिता ने स्कूल प्रशासन पर ही लापरवाही का आरोप लगाया है और साफ कहा है की घटना वाले दिन अगर स्कूल प्रशासन उनकी बच्ची की पीड़ा को और शिकायत को सुन लेता तो उनकी बच्ची आज उनके साथ होती पैरेंट्स ने आयोग को कहा है की घटना वाले दिन क्लास रूम में बच्चे अमायरा को बहुत परेशान कर रहे थे यह सारे दृश्य वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में भी दर्ज हैं और बच्चों से परेशान होकर अमायरा ने वहां स्कूल के टीचर को भी अपनी पीड़ा बताई लेकिन टीचर ने कोई ध्यान नहीं दिया इसलिए वह मानसिक और शारीरिक रूप से काफी परेशान हो गई और उसने आत्महत्या कर ली जिस दिन अमायरा ने सुसाइड किया था उस दिन ही प्रदेश के चिकित्सा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारी को घटनास्थल पर जाकर इस पूरे मामले की जांच करने को कहा था जिला शिक्षा अधिकारी तुरंत स्कूल भी गए थे लेकिन वहां पर स्कूल प्रशासन से जुड़े किसी भी व्यक्ति ने उनसे बातचीत नहीं की थी अगले दिन दिलावर ने इस पूरे मामले की जांच के लिए पांच सदस्यों की टीम का गठन किया अब वह टीम जांच तो कर रही है लेकिन जांच कब कंपलीट होगी इसके बारे में कोई बताने को तैयार नहीं है इसके अलावा जांच किस दिशा में जा रही है इसका भी किसी को पता नहीं है हालांकि पत्रकारों के सवाल पूछने पर मदन दिलावर या जरूर कहते हैं कि कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी लेकिन 12 दिन भी जाने के बावजूद भी इस मामले की जांच को लेकर किसी भी तरह का कोई खुलासा नहीं हुआ है इसीलिए हर कोई यह कह रहा है कि यह स्कूल एक बड़े प्रभावशाली व्यक्ति का स्कूल है जांच में कुछ भी निकलने वाला नहीं है यह मामला ऐसे ही रफा-दफा हो जाएगा ।

## पूर्व मंत्री रतनलाल जाट का निधन, भाजपा में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री रतनलाल जाट का जयपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया । उनके निधन के बाद भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में मायूसी छा गई। जाट सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं और एक बार मंत्री भी रह चुके हैं। पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे । जयपुर में जयपुर अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था लेकिन गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ,प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ,पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित विभिन्न दलों के राजनेताओं ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। जानकारी के अनुसार रतनलाल जाट उच्च शिक्षित राजनेता थे और मिलनसार आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर भी रह चुके हैं । शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी उच्च शिक्षा मंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अच्छा कार्य किया था। सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उनकी बहुत ही अच्छी पकड़ थी। जाट भीलवाड़ा जिले के गंगापुर के मूल रूप से निवासी थे । उन्होंने पार्टी के संगठन को भी मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई । भीलवाड़ा जिले के भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी कार्यकर्ताओं में उनकी अच्छी छवि थी इसलिए उनके निधन के बाद भीलवाड़ा जिले में छोटे-बड़े सभी भाजपाइयों के चेहरों पर उदासी छा गई। राजस्थान विधानसभा का सदस्य रहने के दौरान जाट को राजस्थान विधानसभा की कई समितियां में भी उन्हें शामिल किया गया ।




## प्रदेश में बोर्ड की परीक्षा में 12 फरवरी से संभावित, परीक्षा की तैयारी में व्यस्त बोर्ड




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं आगामी 12 फरवरी से शुरू होने के आसार हैं। जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रशासन की ओर से बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी गई है । इसके लिए परीक्षा केंद्र और अन्य विषयों को लेकर धड़ाधड़ मीटिंगों का दौर चल रहा है। जानकारी के अनुसार इस बार करीब 20 लाख स्टूडेंट बोर्ड की परीक्षा में बैठ सकते हैं। जानकारी के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं संचालित करवाने को लेकर बोर्ड की ओर से तैयारियां जोरों से जारी हो।। पिछली बार बोर्ड के एग्जाम 6 मार्च से शुरू हुए थे लेकिन इस बार 12 फरवरी से बोर्ड के एग्जाम शुरू होने की बात कही जा रही है । इसके लिए बहुत जल्दी ही बोर्ड की ओर से परीक्षाओं का टाइम टेबल भी जारी कर दिया जाएगा। हालांकि अभी तारीख पूरी तरह से निर्धारित नहीं की गई है । लेकिन संभावना यही है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगे और मार्च के पहले सप्ताह तक बोर्ड की सभी परीक्षाएं कंप्लीट करवाने की बात कही जा रही है। जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर प्रदेश के स्कूलों के शैक्षणिक पाठ्यक्रम परीक्षाएं छात्रों के ड्रेस कोड शिक्षकों के ड्रेस कोड इत्यादि को लेकर तो गंभीर हैं ही इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षाओं का शेड्यूल पूरी तरह से व्यवस्थित हो इसके लिए भी उनके पूरे प्रयास हैं यही वजह है कि इस बार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रशासन परीक्षाओं के व्यवस्थित ढंग से समय पर सुचारू रूप से संपादित करने को लेकर आवश्यकता तैयारी में जुट गया है और बहुत जल्दी ही बोर्ड की परीक्षाओं का टाइम टेबल भी सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया जाएगा ।

## यूरिया के लिए दर- दर भटक रहे किसान, भाजपा सरकार की प्लानिंग फेल : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आए यूरिया संकट पर भाजपा सरकार को घेरा है और खाद की व्यवस्था को लेकर सरकार की नाकामी पर प्रश्न उठाया है तथा साथ ही किसान हित में अविलंब यूरिया की सप्लाई सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है। जूली ने कहा है कि राजस्थान के अन्नदाता भाजपा सरकार की बेरुखी का शिकार बन रहे हैं। पूरे प्रदेश में यूरिया की भारी कमी ने किसानों को संकट में डाल दिया है और वो यूरिया के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश के अंदर यूरिया की भारी कमी आई हुई है और किसान यूरिया के लिए मारा-मारा फिर रहा है। हर जिले में यूरिया की कमी है इससे पहले डीएपी की भी कमी थी लेकिन सरकार ने उसको पूरा नहीं किया और अब यूरिया की कमी आ गई है। राज्य सरकार के यूरिया की प्लानिंग और मॉनिटरिंग में असफल होने की ओर चेताते हुए जूली ने कहा कि आप की मॉनिटरिंग क्या है? आपकी प्लानिंग क्या है ? आप आगे किस प्रकार का प्लान कर रहे हो कि किसान की जब फसल आती है तो उस समय आप उसके साथ खड़े ही नहीं हो। खेती के लिए किसान की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे बिजली पानी इत्यादि तक में राज्य सरकार की लापरवाही की ओर इंगित करते हुए । जूली ने कहा कि मौके पर बिजली चली जाती है मौके पर पानी नहीं आता है मौके पर फसल की खरीद नहीं होती है क्या हालात राजस्थान में आप लोगों ने बना दिए। जूली ने मांग की है कि सरकार यूरिया की सप्लाई को सुनिश्चित ताकि मेहनतकश किसान को नुकसान न हो मैं सरकार से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द प्रदेशभर में यूरिया की सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि हमारे मेहनतकश किसानों को समय पर पूरी मदद मिल सके और उनकी फसलें बर्बाद होने से बच सकें।



## डबल इंजन सरकार के कार्यों और मोरपाल की छवि से भाजपा बड़े मतों के अंदर से जीतेगी: बेरवा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेगी क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों ने एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार और दूसरी तरफ प्रदेश की भजनलाल सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को देखा है तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन साधारण और अच्छे इंसान हैं किराने की दुकान चलाते हैं वर्तमान में प्रधान हैं और उनकी पत्नी सरपंच है इसलिए क्षेत्र के लोगों की उनके प्रति अच्छी सहानुभूति है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले 45 सालों से हाडोती आंचल में लोकप्रिय नेता के रूप में विराजमान है वसुंधरा राजे कई बार सांसद रह चुकी हैं और अब उनके पुत्र भी पांच बार यहां से सांसद रह चुके हैं इसलिए वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह की लोकप्रियता का बेनिफिट भी मोरपाल सुमन को मिलेगा साथ ही चुनाव में यहां भारतीय जनता पार्टी के सभी छोटे बड़े नेताओं ने काफी मेहनत की है जिस नेता को यहां जो जिम्मेवारी मिली उस जिम्मेदारी को सभी ने अच्छी तरह से निभाया है इसलिए यहां एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की जीत अच्छे वोटो से होगी बातचीत के दौरान बैरवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जातिगत राजनीति नहीं करती हर जाति के लोगों के विकास के रोड मैप के साथ काम करती है इसलिए इस क्षेत्र में सभी जाति और बिरादरी के मतदाताओं का भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पर आशीर्वाद है अच्छे मत भाजपा प्रत्याशी को मिले हैं और जब मतों की गिनती होगी तो साफ हो जाएगा कि यहां भाजपा कितने बड़े मतों के अंतर से जीत रही है उल्लेखनीय है कि अंता विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने चुनाव प्रचार में काफी दौड़ धूप की थी बेरवा अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखते हैं और यहां पर अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या काफी अच्छी है इसलिए भाजपा के रणनीतिकारों ने रणनीति के तहत बैरवा को यहां पर चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी सौंप थी जिसके फलस्वरूप बैरवा ने यहां कई दिनों तक अनुसूचित जाति बहुत इलाकों में प्रचार प्रचार करके भाजपा जीत के रास्ते को आसन बनाने का प्रयास किया हालांकि यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह राज्य मंत्रिमंडल के कई अन्य सदस्यों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कई विधायकों ने यहां चुनाव प्रचार किया था भारतीय जनता पार्टी ने जातिगत समीकरण देखते हुए यहां पर अलग-अलग जाति के बड़े भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी थी इसलिए यहां भाजपा के छोटे बड़े सभी नेता जीत का दावा कर रहे हैं।

## बस की खिड़की से यात्री का सिर धड़ से हुआ अलग, गुटखा थूक रहा था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर जिले में चौहटन धनाओ सड़क मार्ग पर आलम सर के पास चलती बस में खिड़की से गुटका थूकने के दौरान यात्री की गर्दन धड़ से अलग हो गई यात्री सामने से आ रहे पशुपालन विभाग की गाड़ी की चपेट में आ गया। जिसकी वजह से उसका सिर धड़ से अलग हो गया इस दर्दनाक हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में दहशत छा गई यात्रियों में चीख पुकार मच गई और बस में खून ही खून चारो तरफ दिखने लगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर लिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस ने मृतक के धड़ और सर को कब्जे में किया है तथा मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है जानकारी के अनुसार चौहटन इलाके में भाखासर रोड पर अलमसार की सरहद के पास चलती हुई बस में एक यात्री ने मुंह का गुटका बस से बाहर थूकने के लिए खिड़की से जैसे ही अपने सर को बाहर निकाला सामने से आ रहे पशुपालन विभाग की गाड़ी की चपेट में उसकी गर्दन आ गई जिसकी वजह से उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और बस में खून की धारा बहने लगी यह दर्दनाक और खौफनाक दृश्य देखकर बस में सवार कई यात्रियों ने तो काफी देर तक अपनी आंखें बंद रखी और मृतक के धड़ की तरफ देखा तक नहीं क्योंकि मौके पर जो हालात बने हुए थे वह कमजोर दिलवाले व्यक्ति के लिए काफी मुश्किल घड़ी जैसे थे हालांकि सूचना के बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। लेकिन इस घटना ने एक बड़ा सबक सबको दिया है कि बस में यात्रा करते समय चाहे कैसे भी हालात बने खिड़की के बाहर अपना कोई भी शरीर का अंग बाहर नहीं निकले अन्यथा इस तरह के हाथ से होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता उल्लेखनीय है कि कई बार छोटे बच्चों के साथ लोग बस में यात्रा करते रहते हैं और उनके बच्चे खिड़की से बाहर अपना मुंह निकाल कर बाहर का दृश्य देखते रहते हैं कई बार परिजन भी अपने बच्चों का कर चलती बस से बाहर कर देते हैं ताकि बच्चा बाहर का दृश्य देखता रहे हालांकि बस का चालक और परिचालक यात्रियों को दुर्घटना के लिए चेतावनी भी देते रहते हैं लेकिन इसके बावजूद भी बहुत से लोग चलती हुई बस से जानबूझकर अपना सर बाहर निकाल कर सफर का आनंद लेने का प्रयास करते हैं जो उनकी जिंदगी के लिए बहुत खतरनाक साबित हो जाता है ।

## पुलिस ने व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर चेन लूटने वाले बदमाशों का जुलूस निकाला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली शहर में पिछले दिनों व्यापारी की आंख में मिर्ची पाउडर डालकर चेन लूटने वाले तीन बदमाशों का पुलिस ने प्रमुख बाजारों में ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला । जुलूस में पूरे सफर के दौरान तीनों बदमाश नीचे गर्दन और कान पड़कर माफी मांगते हुए दिख रहे थे और इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में बाजारों में रोड के दोनों तरफ लोग खड़े रहे और बदमाशों का बाकायदा मोबाइल से फोटो खींचे और वीडियो भी बनाएं वीडियो बनाने के बाद लोगों ने उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया। जिसमें लोगों ने पाली पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर खुशी भी जताई और पाली पुलिस को थैंक्स संबंधी मैसेज भी भेजें जानकारी के अनुसार पुलिस ने जिन तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है वह सभी बदमाश पाली के ही रहने वाले है जिसमें एक बदमाश को पुलिस ने महाराष्ट्र के सोलापुर से गिरफ्तार किया है वारदात को अंजाम देने के बाद यह बदमाश पुलिस को चकमा देकर भाग गया था लेकिन आखिरकार पुलिस ने इस पूरे मामले में सभी तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया बताया गया है कि तीनों ही बदमाश शहर के प्रमुख व्यापारियों की रेकी करते थे जो लोग सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाते थ । उनकी दैनिक दिनचर्या के बारे में तमाम तरह की जानकारी हासिल किया करते थे इसके बाद वारदात को अंजाम दिया करते थे इसी क्रम में उन्होंने पिछले दिनों एक व्यापारी की आंख में मिर्ची डाली जिसकी वजह से वह मौके पर ही बेहाल हो गया इसके बाद बदमाशों ने उसके गले से चेन तोड़ी और फिर मौके से भाग गए बाद में पुलिस ने इस पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू की इलाके के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया इसके अलावा पीड़ित व्यापारी के भी बयान लिए तथा जिस जगह पर व्यापारी के साथ यह वारदात की गई उस इलाके के पिछले कई दिनों के सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की छानबीन करके बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया पुलिस ने कई तरह की तकनीकी अनुसंधान के सहारे आखिरकार बदमाशों को पहचान भी और फिर उन्हें पकड़ भी लिया और गुरुवार को जब पुलिस उन्हें पाली शहर के प्रमुख बाजारों से पैदल लेकर जा रही थी तो व्यापारियों ने पुलिस की इस कार्रवाई पर पुलिस के अधिकारियों को धन्यवाद भी प्रेषित किया।

## जोहरी पर फायरिंग को लेकर विधायक रितु और पूर्व विधायक अमर सिंह की अगुवाई में धरना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भरतपुर जिले के बयाना में बुधवार की शाम जोहरी पर हुई फायरिंग में एक किराना व्यापारी के गोली लगने के मामले में स्थानीय विधायक रितु और पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव की अगवाई में व्यापारियों ने विशाल धरना दिया और हमलावर लोगों की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोश प्रकट किया और इलाके में पुलिस पुलिस की गस्त को और मजबूत करने की मांग की। धरना स्थल पर मौजूद निर्दलीय विधायक रितु ने बताया कि बयान में हुई फायरिंग को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारियों में घबराहट का माहौल बना हुआ है। इसलिए घटना के कई घंटे बीत जाने के बावजूद भी हमलावर पुलिस की पकड़ से बाहर है इसलिए हमलावरों की गिरफ्तारी और पुलिस के सुरक्षा प्रबंध की मांग को लेकर यह धरना दिया गया है । उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को बाकायदा ज्ञापन भी सोपा गया है । इसके अलावा जयपुर में स्थित सरकार से जुड़े बड़े लोगों को भी इस पूरे मामले के बारे में अवगत करवाया गया है जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम बयान में जोहरी को लूटने के प्रयास में बदमाशों ने यह फायरिंग की थी जिसकी वजह से फायरिंग में किराना की दुकान में बैठे दुकानदार के गोली लगने से वह मौके पर बुरी तरह से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । जहां पर उसकी हालत स्थिर बनी हुई है इस फायरिंग की घटना के बाद बयान के तमाम दुकानदारों और व्यापारियों में जोरदार आक्रोश व्याप्त हो गया दुकानदारों का कहना है कि इस तरह से दिनदहाड़े कस्बे में फायरिंग की घटना को अंजाम देना कहीं ना कहीं सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा हो। इसलिए पुलिस को यहां पर सुरक्षा के मजबूत प्रबंध करने होंगे ताकि इस तरह की घटना दोबारा से ना हो सके इसी बात को लेकर कस्बे के तमाम दुकानदारों ने गुरुवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और जहां पर एक विशाल धरने का आयोजन किया जिसमें स्थानीय नागरिकों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई धरने में शामिल लोगों की जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से बातचीत भी हुई है प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने धरने पर बैठे लोगों को भरोसा दिलाया है कि कस्बे में सुरक्षा के प्रबंध और मजबूत किए जाएंगे और हमलावर जल्दी पुलिस के पकड़ में आएंगे पुलिस इस मामले में अपनी जांच को तेजी से आगे बढ़ा रही है लेकिन खबर लेकर जाने तक बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर थे इसीलिए स्थानीय व्यापारियों में इस घटना को लेकर गुस्सा व्याप्त है।

## बहरोड के मनसा माता मंदिर में स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने परिवार सहित पूजा अर्चना की



**जयपुर(कासं.)।** अभी हाल ही में विश्व कप विजेता बनी भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने प्रदेश में कोटपूतली बहरोड इलाके में स्थित मनसा माता मंदिर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ हाजिरी लगाई शेफाली वर्मा ने मंदिर में काफी देर तक पूजा अर्चना की और वर्ल्ड कप जितने की खुशी में उन्होंने वर्ल्ड कप मेडल भी माता के चरणों में अर्पित किया इसके अलावा माता को सोने की चेन चांदी का मुकुट इत्यादि भी अर्पित किए इस मौके पर बहरोड और कोटपूतली के विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शेफाली वर्मा का शानदार स्वागत किया पत्रकारों से बातचीत के दौरान शेफाली वर्मा ने कहा कि सेमीफाइनल में उनके जल्दी आउट होने के बाद उन्हें दो रात तक नींद नहीं आई थी वह बेस्ट प्रदर्शन करना चाहती थी लेकिन सेमीफाइनल में जल्दी आउट होने की वजह से वह काफी परेशान थी और दो रात सो भी नहीं पाई लेकिन जब भारत फाइनल खेल रहा था उनके दिमाग में एक ही बात थी कि हर हाल में यह फाइनल जितना है फाइनल मैच में शेफाली वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया जिसकी वजह से भारत यह वर्ल्ड कप जीत पाया द्य जानकारी के अनुसार बहरोड इलाके में स्थित मनसा माता मंदिर शेफाली परिवार की कुलदेवी है इसलिए वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली वर्मा अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ यहां पर खुशी-खुशी आई और काफी देर तक उन्होंने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की और देश की खुशहाली और देश की क्रिकेट की तरक्की के लिए उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की

# आतंक का पाठ पढ़ने वाले डॉक्टर



हाल के समय में इनमें सबसे चौंकाने वाला नाम पुणे के डाक्टर अदनान अली सरकार का था। उसे एनआइए ने 2023 में गिरफ्तार किया था। वह शहर का प्रतिष्ठित डाक्टर था, लेकिन खूंखार आतंकी समूह आइएस के लिए काम कर रहा था। बीते वर्षों में डाक्टरों के अलावा कई ऐसे आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इंजीनियर थे। इनमें से एक बेंगलुरु में बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर रहा था और शामी विटेनस नाम से आनलाइन सक्रिय रहकर मुस्लिम युवाओं को आइएस में भर्ती के लिए उकसाता भी था और उन्हें सीरिया भेजने में मदद भी करता था। डाक्टरों और इंजीनियरों के अलावा अन्य तमाम उच्च शिक्षित मुस्लिम युवा आतंकी के रूप में पकड़े जा चुके हैं। कुछ इसलिए नहीं पकड़े जा सके, क्योंकि वे पुलिस के हत्थे चढ़ने के पहले आइएस या अलकायदा का हाथ बंटाने सीरिया और अफगानिस्तान पहुंच गए। अब ऐसे पढ़े-लिखे और यहां तक कि उच्च शिक्षित युवाओं की गिनती करना

राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास जिस कार में भीषण धमाका हुआ और जिसके चलते दस से अधिक लोग मारे गए, उसका चालक भी एक डाक्टर ही निकला। नाम है उमर मोहम्मद। उसने विस्फोटक से लैस कार के साथ या तो खुद को उड़ा लिया या फिर किसी गफलत में धमाका कर बैठा। पुलवामा का उमर उन तीन डाक्टरों का सहयोगी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में करीब 3000 किलो विस्फोटक और हथियार मिले थे। इनमें एक का नाम डाक्टर मुजम्मिल है और दूसरे का डाक्टर आदिल। दोनों कश्मीर के हैं। इनकी तीसरी साथी डाक्टर शाहीन है। शाहीन लखनऊ की है। इनके और साथियों की भी तलाश की जा रही है। हैरानी नहीं कि उनके संपर्क में और भी ऐसे डाक्टर निकलें, जो आतंकी हों। इन डाक्टरों के अतिरिक्त एक अन्य डाक्टर मोहिउद्दीन गुजरात पुलिस की गिरफ्त में है। उसने चीन से मेडिकल की पढ़ाई की है। उसे गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने उसके दो साथियों के साथ हथियारों संग गिरफ्तार किया। वह अरंडी के बीज से बेहद घातक जहर राइसिन बनाने की तैयारी कर रहा था, ताकि एक साथ तमाम लोगों को मारा जा सके। यह पहली बार नहीं है जब किसी आतंकी साजिश और घटना में किसी डाक्टर का नाम सामने आया हो। इसके पहले भी कई डाक्टर आतंक की राह पर चलते पकड़े जा चुके हैं। हाल के समय में इनमें सबसे चौंकाने वाला नाम पुणे के डाक्टर अदनान अली सरकार का था। उसे एनआइए ने 2023 में गिरफ्तार किया था। वह शहर का प्रतिष्ठित डाक्टर था, लेकिन खूंखार आतंकी समूह आइएस के लिए काम कर रहा था। बीते वर्षों में डाक्टरों के अलावा कई ऐसे आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इंजीनियर थे। इनमें से एक बेंगलुरु में बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर रहा था और शामी विटेनस नाम से आनलाइन सक्रिय रहकर मुस्लिम युवाओं को आइएस में भर्ती के लिए उकसाता भी था और उन्हें सीरिया भेजने में मदद भी करता था। डाक्टरों और इंजीनियरों के अलावा अन्य तमाम उच्च शिक्षित मुस्लिम युवा आतंकी के रूप में पकड़े जा चुके हैं। कुछ इसलिए नहीं पकड़े जा सके, क्योंकि वे पुलिस के हत्थे चढ़ने के पहले आइएस या अलकायदा का हाथ बंटाने सीरिया और अफगानिस्तान पहुंच गए। अब ऐसे पढ़े-लिखे और यहां तक कि उच्च शिक्षित युवाओं की गिनती करना कठिन है, जो आतंकी बन गए। यह धारणा नितांत मिथ्या सिद्ध हो चुकी है कि अशिक्षित अथवा गरीब ही मजहबी उन्माद से ग्रस्त होकर या फिर किसी प्रताड़ना के चलते आतंकी बनते हैं। पिछले दो-तीन दशकों में देश और दुनिया में न जाने कितने ऐसे मुस्लिम युवकों ने आतंकी बनना पसंद किया है, जो उच्च शिक्षित थे। दुनिया भर से ऐसे युवाओं को सबसे अधिक आकर्षित किया आइएस ने। भारत में केरल से लेकर कश्मीर तक में अनेक पढ़े-लिखे मुस्लिम युवा आतंकी बन चुके हैं। पहले उनके बारे में ऐसी खबरें आती थीं कि वे किसी जिहादी मौलवी-मौलना के संपर्क आए और आतंकी बन गए। फिर ऐसी खबरें आने लगीं कि वे इंटरनेट पर जिहादी सामग्री देखकर आतंकी बन गए। कुछ तो मजहबी उन्माद से इतना अधिक भर गए कि उन्होंने गजवा ए हिंद या ऐसे ही किसी नाम से खुद का आतंकी गुट बना लिया। क्या यह किसी से छिपा है कि ऐसे नामों की प्रेरणा मजहबी मान्यताओं से ही मिलती है? मोडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए आतंकी बनना पसंद करने वालों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वे प्रताड़ित थे या फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। वे चाहते तो खुशहाल जिंदगी जीते रह सकते थे, लेकिन उन पर आतंकी बनने का भूत सवार हुआ। ऐसा क्यों हुआ, इसका जवाब इस कथन में नहीं खोजा जा सकता कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता। इस कथन को लेकर सदैव विवाद होता रहता है, लेकिन इसमें तो कोई विवाद ही नहीं कि मजहब की आड़ लेकर या फिर उसके सहारे ही आतंक के रास्ते पर चला जाता है। दुनिया भर के जिहादी गुट मजहबी मान्यताओं से ही लैस हैं। इन्हीं के सहारे वे अपनी जिहादी हरकतों को सही ठहराते हैं। उनके खिलाफ समय-समय पर फतवे जारी होते रहे हैं, लेकिन अब डाक्टरों, इंजीनियरों के भी आतंकी बनने से यही सिद्ध होता है कि वे प्रभावी नहीं साबित हो रहे हैं। जिहादी आतंक एक विचारधारा की उपज है। इस खतरनाक विचारधारा से अकेले पुलिस, खुफिया एजेंसियां और सरकारें नहीं निपट सकतीं। उससे निपटना सरकारों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। समाज इस जिम्मेदारी का निर्वहन तभी कर सकता है, जब वह यह समझेगा कि समस्या उन मजहबी सिद्धांतों और मूल्यों-मान्यताओं में है, जिनकी बड़ी आसानी से मनचाही व्याख्या कर ली जाती है। जिहादी आतंक से निपटने के लिए यह भी आवश्यक है कि सस्ती और संकीर्ण राजनीति न हो। दिल्ली में धमाका होते ही बिहार में मतदान के दूसरे चरण का उल्लेख करके चटखारे लेकर यह कहा जाने लगा, पता करो कहीं चुनाव हैं क्या? ऐसी छिछली बातें आतंकियों और उनके समर्थकों की ही मदद करती हैं। देश के किसी न किसी हिस्से से पुलिस की ओर से रह-रहकर किसी आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ करने, आतंकियों को गिरफ्तारी करने और उनके पास से विस्फोटक-हथियार बरामद करने की खबरें आती ही रहती हैं। इसका यह मतलब नहीं कि आतंकी खतरा कम हो रहा है। सच यह है कि वह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अब सम्मानित पेशे वाले भी आतंकी बन रहे हैं।


## सम्पादकीय

### भारत-चीन निभा रहे जिम्मेदारी, मगर पश्चिमी देशों के वादा तोड़ने से गहराता संकट



जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट से निपटने के लिए वर्ष 2015 में वैश्विक स्तर पर पेरिस में एक महत्त्वपूर्ण समझौता हुआ था। इसका मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना था। मगर इस समझौते में जताई गई प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, विकासशील देश इस दिशा में आगे बढ़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन वित्तीय और तकनीकी चुनौतियां उनकी राह में रोड़े अटका रही हैं। इसके बावजूद भारत और चीन जैसे देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर शुरू हुई 'संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन' की 30वीं वार्षिक बैठक में इन दोनों देशों की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की गई। साथ ही कहा गया कि इन देशों ने जलवायु कार्रवाई को स्पष्ट तरीके से अपनाया है और वे दुनियाभर में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की लागत कम करने में मदद कर रहे हैं। दरअसल, पेरिस समझौते में तय हुआ था कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों की वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद करेंगे। मगर संयुक्त राष्ट्र की हाल की एक रपट बताती है कि यह वित्तीय मदद लगातार घट रही है। विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक अपने लक्ष्यों को पाने के लिए हर साल 365 अरब डालर की जरूरत है, लेकिन वर्ष 2023 में इन देशों को केवल 26 अरब डालर की अंतरराष्ट्रीय सहायता मिल पाई, जो वर्ष 2022 के 28 अरब डालर से भी कम है। सवाल है कि विकसित देशों ने अपने वादे के अनुसार विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने से अपने कदम पीछे क्यों खींच लिए हैं? हो सकता है कि इन देशों को इसमें निजी हित नजर नहीं आ रहे हों, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उनका योगदान सबसे ज्यादा है। इस लिहाज से विकासशील देशों की वित्तीय मदद और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनका तकनीकी तौर पर सहयोग करना विकसित देशों की नैतिक जिम्मेदारी है। इस पर भी विचार करने की जरूरत है कि दशकों से इस मसले पर जताई जा रही अंतरराष्ट्रीय चिंता का हासिल अब तक कोई ठोस हल सामने क्यों नहीं ला सका है।


## सबको लड़नी होगी आतंक के खिलाफ लड़ाई




जम्मू-कश्मीर को छोड़कर शेष देश पिछले लगभग एक दशक से आतंकी हमलों से करीब-करीब मुक्त था, लेकिन दिल्ली में लाल किले के निकट कार में हुए विस्फोट ने फिर से पुराने दौर की याद दिला दी, जब कुछ अंतराल पर एकल या श्रृंखलाबद्ध धमाकों से देश दहल जाता था। शेष देश में लंबे समय तक कोई बड़ी आतंकी घटना न घटने से आम लोग निश्चिंत थे कि अब आतंकी हमले नहीं कर सकेंगे, लेकिन पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी से लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, हरियाणा के फरीदाबाद, गुजरात और दिल्ली तक बरामद विनाशकारी सामग्री तथा गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों के कारण उनकी चिंता फिर बढ़ गई है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ समय से देश के कई हिस्सों से किसी न किसी आतंकी माड्यूल के पकड़े जाने की खबर आ रही है। पिछले दिनों ही गुजरात में हैदराबाद के एक डाक्टर को घातक रसायन बनाने की सामग्री और हथियारों के साथ पकड़ा गया। उसके दो साथी भी गिरफ्तार किए गए, जो उत्तर प्रदेश के हैं। इस साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जब धर्म पूछ कर 26 लोगों की हत्या की थी तो भारत ने इसके जवाब में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों के मुख्य अड्डों को ध्वस्त कर सीमा पार आतंकवाद पर अब तक का सबसे बड़ा आघात किया था। निश्चय ही उसी के बाद से वे बड़े प्रतिशोध का षड्यंत्र रच रहे होंगे। लाल किला विस्फोट के तरीके और अब तक सामने आए षड्यंत्र की कहानी में छह वर्ष पहले पुलवामा हमले की जिहादी आतंक की कड़ी दिखती है। यद्यपि छानबीन के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आएगी, बावजूद इसके पीछे की घटनाएं एक-दूसरे से जुड़ी लगती हैं। श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगने के बाद पुलिस ने आतंकवादियों के कुछ हमदर्द और पत्थरबाज गिरफ्तार किए। उनसे एक मौलवी का पता चला, जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। उससे पूछताछ के बाद अनंतनाग के रहने वाले डा. आदिल को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जब उसे लेकर श्रीनगर पहुंची और पूछताछ की तो अनंतनाग के सरकारी अस्पताल से उसके ठिकाने से असाल्ट राइफल मिली। पुलिस ने और पूछताछ की तो पुलवामा जिले के डा. मुजम्मिल का पता चला। इससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने जब फरीदाबाद के धौज स्थित अल फलाह मेडिकल कालेज में कार्रवाई की तो उसे 360 किलोग्राम विस्फोटक, एक एके-47 राइफल और 84 कारतूस सहित टाइमर, जिलेटिन के छड़ और अन्य सामग्रियां मिलीं। उसके बाद जांच की कड़ियां पुलिस को फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव तक ले गईं, जहां एक घर में विस्फोटक के ढेर देखकर उसके होश उड़ गए। धौज से फतेहपुर तगा गांव चार किलोमीटर दूर है। डा. मुजम्मिल ने मौलाना इश्तियाक से यह घर किराए पर ले रखा था। करीब 3000 किलो अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक बरामद होना सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक है। अभी तक इस प्रकरण में गिरफ्तार लोग उच्च शिक्षा प्राप्त और संपन्न परिवार के हैं। डा. मुजम्मिल फिजिशियन है और फरीदाबाद के अल फलाह मेडिकल कालेज में पढ़ाता था और गिरफ्तार किए गए शोपियां के मौलवी इरफान अहमद, श्रीनगर के मकसूद अहमद डार, आरिफ निसार डार और यासिर उल अशरफ, गांदरबल के जमीर अहमद अहंगर में से कोई निर्धन, बेरोजगार या अनपढ़ नहीं है। लाल किला विस्फोट में मारा गया डा. उमर नबी एमडी मेडिसिन डिग्री के साथ फरीदाबाद के अल फलाह मेडिकल कालेज में डाक्टर था। डा. आदिल उसका साथी है। इनकी एक साथी डा. शाहीन लखनऊ की है। उसकी कार से एक राइफल मिली थी। फरीदाबाद माड्यूल में कुछ और डाक्टर शामिल पाए जा सकते हैं। जांच से ही पता चलेगा कि इन्होंने क्यों आतंकवादी माड्यूल बनाया? किस तरह इतना विस्फोटक, हथियार इकट्ठे किए, कौन-कौन इसके पीछे थे और कहां-कहां विस्फोट करने की साजिश थी? पिछले तीन दशकों की जिहादी घटनाओं के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष यही निकलता है कि आतंकियों को लाल किला विस्फोट की प्रेरणा अपने कट्टर मजहबी सोच से मिली। इसी कारण यह जानते हुए कि विस्फोट में वे स्वयं भी मारे जाएंगे या पकड़े गए तो उन्हें मृत्युदंड मिलेगा, उन्होंने सब कुछ किया। इस सच को स्वीकार करना पड़ेगा कि सुरक्षा बलों की कार्रवाइयों से हम कुछ समय के लिए उन्हें कमजोर कर सकते हैं

## पंडित नेहरू को दिखाओ तभी डालूंगी वोट

11 मई 1956 को, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लोकसभा को बताया, 'जहां तक चुनाव आयोग का सवाल है, वे हमेशा अगले कदम की तैयारी कर रहे हैं। कठिनाई तब आती है जब नये राज्यों तथा अन्य कारणों से नये निर्वाचन क्षेत्रों का गठन करना पड़ेगा। जहां तक सरकार का सवाल है, वे हमेशा की तरह अगले मार्च (1957) में चुनाव कराने के लिए उत्सुक हैं। ' राज्यों के पुनर्गठन से पैदा होने वाली कठिनाई काफी बड़ी थी। 1951-52 में भारत में 27 राज्य थे, 9 पार्ट राज्य (ब्रिटिश भारत के प्रांत जो राज्यपाल द्वारा शासित होते थे



भारत में हर पांच साल में चुनाव कराए जाते हैं। देश में पहली बार 1951-52 में आम चुनाव कराए गए थे और अभी तक इसी परंपरा पर देश आगे बढ़ रहा है। भारत का पहला लोकसभा चुनाव जहां विश्वास का काम था, तो वहीं, 1957 में दूसरा चुनाव समय के खिलाफ एक दौड़ थी। 1957 के चुनावों में कठिन प्रशासनिक चुनौतियां सामने आयीं। 1951 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से निर्धारित करने के लिए 1952 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया था। इसके अलावा जस्टिस फजल अली के नेतृत्व वाले राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1955 में अपनी सिफारिशें की थीं (जिन्हें 1956 में लागू किया गया था)। इस प्रकार, राज्यों की सीमाएं भी पहले लोकसभा चुनाव (1951-52) के दौरान की सीमाओं से भिन्न थीं। 1956 में ऐसा लग रहा था कि चुनाव में देरी हो सकती है। 11 मई 1956 को, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लोकसभा को बताया, 'जहां तक चुनाव आयोग का सवाल है, वे हमेशा अगले कदम की तैयारी कर रहे हैं। कठिनाई तब आती है जब नये राज्यों तथा अन्य कारणों से नये निर्वाचन क्षेत्रों का गठन करना पड़ेगा। जहां तक ??सरकार का सवाल है, वे हमेशा की तरह अगले मार्च (1957) में चुनाव कराने के लिए उत्सुक हैं। ' राज्यों के पुनर्गठन से पैदा होने वाली कठिनाई काफी बड़ी थी। 1951-52 में भारत में 27 राज्य थे, 9 पार्ट-राज्य (ब्रिटिश भारत के प्रांत जो राज्यपाल द्वारा शासित होते थे और एक निर्वाचित राज्य विधायिका के साथ), आठ पार्ट राज्य (पूर्व रियासतें या राजप्रमुख द्वारा शासित रियासतों के समूह) , और 10 पार्ट ष्ट राज्य (ब्रिटिश भारत के प्रांत जो राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त मुख्य आयुक्त द्वारा शासित होते थे और कुछ रियासतें)। 1957 में, 14 राज्य और छह केंद्र शासित प्रदेश थे। 403 निर्वाचन क्षेत्रों में 494 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होने थे, जिनमें डबल मेंबर वाली 91 सीटें (एक सामान्य श्रेणी, दूसरी अनुसूचित जाति/जनजाति से) और 2518 निर्वाचन क्षेत्रों में 3102 राज्य विधानसभा सीटें (584 में डबल मेंबर) शामिल थीं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिए चुनाव 13 मई, 1957 से पहले होने थे। इसका मतलब था कि लोकसभा चुनाव मार्च 1957 के अंत तक पूरा करना होगा - किसी भी देरी के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन ने चुनौती और इसे पूरा करने के लिए चुनाव आयोग के दृढ़ संकल्प के बारे में लिखा, 'जनमत के प्रभावशाली वर्ग कमोबेश आश्वस्त थे कि यह एक असंभव कार्य था और चुनाव को एक या दो साल के लिए स्थगित करना होगाž आयोग ने माना कि यह एक बहुत ही खराब मिसाल कायम करेगाž अगर कुछ कठिनाइयों के कारण, देश को अपने संविधान में संशोधन करने और पहले विधायी निकायों की शर्तों को बढ़ाने के लिए मजबूर किया गया जो इसके तहत स्थापित किए गए थे।' इसलिए 1957 के वसंत में, चुनाव आयोग ने यह असंभव काम पूरा किया और केवल एक पखवाड़े से अधिक समय में देश भर में चुनाव हुए। 1952 की तरह ही कांग्रेस मैदान में बहुत आगे थी।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में पद बढ़ाने के लिए दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)** राजस्थान सरकार द्वारा कुछ समय पहले आयोजित की गई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा में पदो की संख्या बढ़ाने को लेकर क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम बाडमेर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह चंदावत को ज्ञापन दिया। युवाओ ने ज्ञापन में बताया की 19 से 21 सितंबर तक आयोजित हुई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती 53 हजार पदो पर सम्पन्न हुई इसमें 21 लाख से अधिक अभ्यर्थियो ने भाग लिया। जो राजस्थान में सबसे ज्यादा अभ्यार्थि भाग लेने वाली भर्ती हैं उन्होंने यह भी बताया राज्य के विभिन्न विभागों विशेष चिकित्सा शिक्षा पंचायती राज राजस्व अन्य विभागों में चतुर्थ श्रेणी के हजारों पद रिक्त पड़े हैं । ज्ञापन में युवाओं ने बताया है कि वर्तमान में बेरोज़गारी एक गंभीर समस्या बनी हूई है एसे में सरकार को युवाओं के हित में निर्णय लेते हुए कम से कम 20 हजार पद अतिरिक्त जोडे ताकि राजस्थान के योग्य युवाओ को रोजगार का अवसर मिल सके उन्होंने यह भी माग की है कि सरकारी कार्यालयों में चौकिदारी जल वाहक के भी पद खाली पड़े हैं । जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहें हैं इन पदों को भी इस भर्ती में शामिल किया जाए न कि सरकारी प्रणाली में सुधार होंगा। ताकि अधिक से अधिक राजस्थान के युवाओं को रोजगार मिल सके साथ ही युवाओ ने यह भी कहा भजनलाल सरकार से उम्मीद है कि पद। बढ़ाने की मांग को गंभीरता से लेगी और युवाओं को इसका लाभ मिलेगा ।।

## पुरस्कार वितरण समारोह 14 नवंबर को

**चूरू(निसं.)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंर्तविद्यालयी विधिक जागरूकता संदर्भित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत करने हेतु राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर, 2025 को सवेरे 08.20 बजे जिला मुख्यालय स्थित केशर देवी सोती सीनियर सैकण्डरी स्कूल, रतनगढ़ रोड, चूरू में 'पुरस्कार वितरण समारोह' आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा वर्ष 2025 के दौरान विद्यालयी छात्र/छात्राओं में कानूनी विधिक जागरूकता फैलाने के लिये चूरू मुख्यालय पर एक नवाचार की पहल कर चूरू मुख्यालय के चयनित विद्यालयों के विद्याथियों के मध्य अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं एवं विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत चूरू क्षेत्र के 11 प्रतिष्ठित विद्यालयों का चयन कर 11 लीगल अवेयरनेस क्लब का गठन किया गया, इस अनुक्रम में वर्ष 2025 में जिला मुख्यालय पर वाद-विवाद, निबंध, पोस्टर बनाना, भाषण एवं लघु नाटिका पर केंद्रित तीन अंर्तविद्यालयी विधिक जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिनमें जिला मुख्यालय के 11 विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस मुहिम मे आयोजित किये गये तीन अंर्तविद्यालयी विधिक जागरूकता संदर्भित विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्रमशः 88, 97, व 125 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया है। पुरस्कार वितरण समारोह में कुल 53 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## भूमि अवाप्ति को लेकर शिविर 15 व 16 नवंबर को

**चूरू.(निसं.)**सादुलपुर रेल्वे परियोजना हेतु चूरू तहसील के ग्राम मोतीसर व आसलू स्टेशन की भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसके शेष मुआवजे के वितरण हेतु 15 व 16 नवबंर को उन गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर टेंट लगाकर वितरण कार्य संपादित किया जाएगा। चूरू एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान मुआवजा राशि के आवेदन पत्रों का संग्रहण 15 से 16 नवंबर, 2025 तक किया जाएगा। मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध निस्तारित करने के लिए रेल्वे एईएन, संबंधित भू–अभिलेख निरीक्षक, मोतीसर व आसलू स्टेशन के पटवारी, भू–अवाप्ति शाखा के कार्मिक की समिति का गठन किया गया है। समिति भूमि दस्तावेजों का सत्यापन कर आवेदन पत्रों का संग्रहण संबंधित कार्यवाही करेगी।

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के तहत जिले में अब तक 52549 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

### मतदाता स्वयं गणना प्रपत्र को कर रहे डिजीटाइज, जिले के 2151 मतदाताओं ने डिजीटाइज किए गणना प्रपत्र, मतदाता स्वयं ऑनलाइन भर सकते हैं गणना प्रपत्र

**चूरू(निसं.)** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के गणना चरण के दौरान मतदाता स्वयं गणना प्रपत्र भर की डिजीटाइज कर रहे हैं। गुरुवार को सांय 04 बजे तक जिले में कुल 52549 गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए गए। जिले में एसआईआर–2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। गुरुवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 52549 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 7846, तारानगर में 13701, सरदारशहर में 6743, चूरू में 9751, रतनगढ़ में 9145, सुजानगढ़ में 5363 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। इसी क्रम में गुरुवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 2151 मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 482, तारानगर में 497, सरदारशहर में 311, चूरू में 373, रतनगढ़ में 203 तथा सुजानगढ़ में 285 मतदाताओं ने गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया।

### मतदाता स्वयं ऑनलाइन भर सकते हैं गणना प्रपत्र

मतदाता स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने गणना प्रपत्र भर सकते हैं। मतदाता अब पोर्टल https//voters.eci.gov.in/ पर विजिट कर 'एसआईआर–2026 : फिल इनुमेरेशन फॉर्म' आइकन पर क्लिक कर ऑनलाइन अपना गणना प्रपत्र भर सकते हैं। मतदाता स्वयं के लिए ही ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है, क्योंकि यह ई–हस्ताक्षर के माध्यम से हस्ताक्षरित होता है। ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए ईपिक (2025) पर दर्ज नाम और आधार ई–साइन टूल पर दर्ज नाम बिल्कुल समान होना चाहिए।

### सावधानः KYC अपडेट के नाम पर बड़ा साइबर जाल

# राजस्थान पुलिस की एडवाइजरीः TRAI और सिम कार्ड बंद होने की धमकी से बचें, अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सलाह जारी की है। इस एडवाइजरी में KYC अपडेट के नाम पर की जाने वाली धोखाधड़ी के तरीके और उससे बचने के उपाय बताए गए हैं ताकि लोग संभावित वित्तीय नुकसान से बच सकें।

### ठगी का तरीकाः डर पैदा कर जानकारी हासिल करना

एडीजी सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी आम नागरिकों को अनजान मोबाइल नंबरों से कॉल, मैसेज या फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर धमकाते हैं। आपका मोबाइल नंबर अवैध गतिविधियों में शामिल पाया गया है, या आपके सिम कार्ड की KYC (नो योर कस्टमर) समाप्त हो गई है, या फिर KYC नियमों का पालन नहीं किया गया है, इसलिए आपकी सिम सेवाएँ (कॉलिंग, मैसेजिंग, ओटीपी) तुरंत बंद कर दी जाएँगी। यह सुनकर लोग घबरा जाते हैं और सेवाओं के बंद होने की परेशानी से बचने के लिए धोखे में आकर अपनी केवाईसी अपडेट करने हेतु अपनी जरूरी निजी जानकारी (नाम, पता, पैनकार्ड, आधार, बैंक खाता विवरण) साइबर ठगों को उपलब्ध करा देते हैं, जिसका उपयोग करके अपराधी उनके खाते से धनराशि निकाल लेते हैं।

### साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए मुख्य सुझाव

1. TRAI बंद नहीं करता सिमः आमजन को पता होना चाहिए कि TRAI (टेलीकॉम रेग्गुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) कभी भी किसी का सिम कार्ड या मोबाइल बंद नहीं करता है। सिम बंद करने का कार्य केवल टेलीकॉम कंपनियाँ ही करती हैं।
2. कंपनी स्टोर पर जानकारी लेंः यदि आपको KYC के संबंध में कोई संदेश प्राप्त होता है, तो तुरंत अपने टेलीकॉम कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर जाकर ही जानकारी प्राप्त करें।
3. निजी जानकारी साझा न करेंः अपना ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति या कॉल करने वाले के साथ साझा न करें।
4. ऐप डाउनलोड करने से बचेंः कॉल पर किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई भी एप्लीकेशन डाउनलोड न करें और न ही उनके द्वारा भेजे गए लिंक पर जाकर कोई ऐप इंस्टॉल करें।
5. तत्काल रिपोर्ट करेंः यदि साइबर अपराधी आपको तुरंत कार्रवाई करने के लिए उकसाते हैं या डर पैदा करने की कोशिश करते हैं तो ऐसे संदिग्ध कॉल, संदेशों या स्क्रीनशॉट का जवाब न दें। इन नंबरों को संचार साथी के चक्षु पोर्टल https//sancharsaathi.gov.in/sfc/ पर रिपोर्ट करें।

### घटना होने पर कहाँ संपर्क करें

एडीजी सिंह ने बताया कि यदि आप किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तत्काल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टलः https//cybercrime.gov.in, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाईन 1930, साइबर हेल्पडेस्क नंबरः 9256001930 या 9257510100 या निकटतम पुलिस स्टेशन / साइबर पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज कराए।

## थाने चले हम, स्कूल चले हमः पुलिस और युवा पीढ़ी के बीच जुड़ाव की नई पहल

### सामुदायिक पुलिसिंग कार्यशालाः राजस्थान पुलिस का छात्रों को सुरक्षा और व्यवस्था से जोड़ने का अनूठा प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पुलिस ने इंडिया पुलिस फाउंडेशन (आईपीएफ) के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को पुलिस की व्यापक जिम्मेदारियों और सामुदायिक सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सामुदायिक पुलिसिंग लता मनोज कुमार के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी पंकज चौधरी के नेतृत्व और मुख्य प्रबंधक आईपीएफ पूनम अरोड़ा व सेवानिवृत्त आईपीएस विमला मेहरा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के दो चुनिंदा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों लक्ष्मण डोगरी (गलतागेट) और एसकेएन विद्यालय (जोबनेर) में शुरू किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के नोडल अधिकारी आईपीएस पंकज चौधरी ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। सामुदायिक पुलिसिंग को पुलिसिंग का भविष्य बताते हुए उन्होंने बताया कि इस विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा, अपराध रोकथाम और सामुदायिक कल्याण में पुलिस अधिकारियों की बहुमुखी भूमिकाओं के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाना है। इसका उद्देश्य देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों जैसे कमजोर वर्गों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी है। चौधरी ने बताया कि ये विशेष कार्यशालाएँ 13 से 15 नवंबर तक ग्रामीण राजकीय एसकेएन विद्यालय जोबनेर में आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यशालाओं की खासियत यह है कि विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त और सेवारत अधिकारियों से सीखने का अवसर मिल रहा है। सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह और आमोद कंठ सहित अतिथि संकाय सदस्य न्याय और किशोर गृह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, यूनिसेफ राजस्थान के प्रतिनिधि बाल अधिकारों पर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (यातायात) साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों पर और एसएफएल जयपुर के प्रतिनिधि फोरेंसिक विज्ञान के महत्व पर व्याख्यान दे रहे हैं। नगर निगम और एसडीआरएफ के प्रतिनिधि भी विद्यार्थियों को अग्निशमन और आपदा प्रबंधन पर शिक्षित कर रहे हैं। पूरे छह दिवसीय कार्यक्रम का सामुदायिक पुलिसिंग नोडल अधिकारी पंकज चौधरी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम मीणा, नरेश कुमार शर्मा और संजय कुमार शर्मा द्वारा बारीकी से पर्यवेक्षण किया जा रहा है। सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को पुलिस स्टेशन और अग्निशमन केंद्र का लाइव दौरा भी कराया गया है। इससे उन्हें इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला है और पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ है।

## झुंझुनूं पुलिस की दृढ़ता लाई रंगः 6 माह में न्याय

### साढ़े पाँच वर्ष की अबोध बालिका से जघन्य अपराध करने वाले दरिंदे को आजीवन कठोर कारावास और 50,000 जुर्माने की सज़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)** झुंझुनूं पुलिस ने एक जघन्य अपराध के मामले में केस ऑफिसर स्कीम के तहत त्वरित और दृढ़ कार्यवाही करते हुए पीड़िता को मात्र छह माह की अवधि में न्याय दिलाया है। पुलिस की तत्परता और न्यायालय की त्वरित सुनवाई के परिणामस्वरूप साढ़े पाँच वर्ष की अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी को न्यायालय ने आजीवन कठोर कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। पुलिस की त्वरित कार्यवाही 16 दिन में अनुसंधान पूर्ण पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन में थानाधिकारी पुलिस थाना बुहाना के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही की। परिवादिया ने रिपोर्ट पेश की कि उनकी बेटी घर पर खेल रही थी, तभी रवि कुमार ऊर्फ कालिया निवासी घसेडा बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। अभियोग दर्ज होने के तुरंत बाद थानाधिकारी उमराव जाट की टीम ने मुल्जिम रवि कुमार ऊर्फ कालिया को तत्काल गिरफ्तार किया। टीम ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया, घटनास्थल का निरीक्षण किया और मोबाइल फोरेंसिक यूनिट की मदद से भौतिक एवं जैविक साक्ष्य एकत्रित किए। सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर ठोस और कड़ीबद्ध साक्ष्यों का संकलन किया गया। पुलिस ने मात्र 16 दिनों की रिकॉर्ड अवधि में अनुसंधान पूर्ण करते हुए 17 मई, 2025 को न्यायालय में चालान पेश कर दिया।

### केस ऑफिसर स्कीम के तहत शीघ्र ट्रायल

पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर इस मामले को केस ऑफिसर स्कीम के तहत चिह्नित किया गया और थानाधिकारी बुहाना को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया। केस ऑफिसर ने न्यायालय द्वारा जारी सम्मनों की तुरंत तामील सुनिश्चित करवाई, जिससे सभी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित हुई और गवाहों के बयान तुरंत लेखबद्ध किए जा सके। पुलिस की इस दृढ़ पहल का परिणाम यह रहा कि मात्र छह माह की अवधि में ट्रायल पूर्ण हुआ। माननीय पॉक्सो कोर्ट, झुंझुनूं ने अपने निर्णय 30 अक्टूबर 2025 के द्वारा अभियुक्त रवि कुमार ऊर्फ कालिया को आजीवन कठोर कारावास और 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

## कृषक कल्याणकारी योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन : सीआर चौधरी



### राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सीआर चौधरी चूरू आए, कृषि विभाग के अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू,** राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सीआर चौधरी गुरुवार को चूरू आए तथा जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक में जिले के कृषि विकास से संबंधित विभिन्न विषयों व कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, कृषि उपज मंडी सहित विभागों की योजनाओं की क्रियान्विति की चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कृषि योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है और आयोग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा क्षेत्रीय स्तर पर कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को डीएपी व यूरिया की समुचित उपलब्धता रखने व प्रभावी मॉनिटरिंग करने, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार ड्रिप सिंचाई, फार्म पौंड आदि को बढ़ावा देने, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में क्रियान्विति तथा मत्स्य विभाग की योजनाओं की क्रियान्विति के निर्देश दिए। इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण और जिला प्रमुख वंदना आर्य ने जिले में कृषि गतिविधियों, फसलों व बुवाई क्षेत्र आदि से अवगत करवाया। कृषि संयुक्त निदेशक डॉ राजकुमार कुल्हरी व उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी ने जिले में विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी तथा कृषि व किसान कल्याण योजनाओं में प्रगति से अवगत करवाया। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, बीदासर प्रधान मनभरी देवी, राजगढ़ प्रधान विनोद देवी, ओम सारस्वत, मधुसूदन राजपुरोहित, सुशील लाटा, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, आकाश सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, नीरज जांगिड़, कृषि सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, डॉ नीतू ढाका सहित अन्य मौजूद रहे।

## ऑपरेशन नशा-विनाशः बारां पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**जयपुर** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन नशा-विनाश के तहत बारां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 135 ग्राम शुद्ध स्मैक और 49 ग्राम स्मैक टांका (कुल 184 ग्राम) जब्त की है। जब्त की गई इस स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक बारां अभिषेक अंदासु के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और वृताधिकारी ओमेन्द्र सिंह के सुपरविजन में, थानाधिकारी सदर बारां हीरालाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो टोंक जिले के रहने वाले हैं।गिरफ्तार किए गए आरोपी श्यामसुन्दर (45) अरनियां नील थाना मेहन्दवास और मनोज कुमार (25) निवासी हनुमानपुरा थाना दूनी जिला टोंक के रहने वाले है। इस संबंध में थाना बारां सदर पर प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले का अनुसंधान थानाधिकारी कोतवाली योगेश चौहान को सौंपा गया है। पुलिस अब गिरफ्तार मुलजिमों से स्मैक की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध नेटवर्क की जड़ों तक पहुँचा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बारां पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## ऑनलाइन हथियारों की खरीद-फरोख्त का भंडाफोड़

### भरतपुर पुलिस ने मोबाइल चैट के जरिए संगठित अपराध करने वाले गिरोह के सदस्य कृष्णा को दबोचा, आईफोन-15 जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)** भरतपुर पुलिस ने संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह के एक महत्वपूर्ण सदस्य को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों की तस्करी के एक नए तरीके का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपी कृष्णावतार उर्फ कृष्णा (30) निवासी हथैनी थाना चिकसाना मोबाइल फोन और व्हाट्सएप चैट जैसे ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करके अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त कर रहा था। पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई को अवैध गतिविधियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग पर एक बड़ा प्रहार माना जा रहा है। थाना मथुरागेट पुलिस को बुधवार 12 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि गोविंद गुप्ता अस्पताल के पास कृष्णावतार उर्फ कृष्णा नाम का एक शख्स अवैध हथियार और कारतूस लेकर खड़ा हो है। सूचना मिलते ही एएसआई दाता राम के नेतृत्व में जाप्ते ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से एक आईफोन-15 मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने जब्त किए गए आईफोन की गहनता से जाँच की। फोन की गैलरी में विभिन्न प्रकार के अवैध हथियारों के फोटो मिले। इसके अलावा व्हाट्सएप चैट को खंगाला गया तो यह बात सामने आई कि आरोपी कई मोबाइल नंबरों के माध्यम से अवैध पिस्टल, हथियार और कारतूसों की खरीदने और बेचने से संबंधित बातचीत कर रहा था। चैटिंग में अवैध हथियार की कीमत सहित फोटो भेजना पाया गया, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह मोबाइल से चैट के जरिए संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था। आरोपी कृष्णा द्वारा अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करना और अन्य लोगों को सप्लाई करना किसी संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य के रूप में कार्य करना था। सप्लाई किए गए इन हथियारों का उपयोग गंभीर अपराधों जैसे लूट, डकैती, अपहरण, हत्या और उद्यापन में किया जाता था। आरोपी कृष्णावतार के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिससे उसकी संगठित अपराधों में सक्रिय भूमिका सिद्ध होती है। आरोपी कृष्णावतार के खिलाफ थाना मथुरागेट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मिले आईफोन-15 को बतौर सबूत जब्त कर लिया है। अब पुलिस उससे इस अवैध नेटवर्क के संबंध में और जानकारी जुटाने के लिए गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि इस पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया जा सके।

## प्रवासी राजस्थान दिवस- उद्योग, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, जल पर आयोजित किए जाएँगे सेक्टोरल सेशंस

जयपुर टाइम्स

**चूरू / जयपुर(निसं.)** राजस्थान के वैश्विक जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राज्य सरकार 10 दिसंबर 2025 को जेईसीसी, जयपुर में आयोजित होने वाले पहले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के दौरान प्रवासी राजस्थानियों के साथ सेक्टोरल सेशंस आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित इस सेक्टोरल सेशंस में प्रवासी राजस्थानी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और उद्योग, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य और जल जैसे विभिन्न क्षेत्रों के नीति निर्माता हृररु राउंडटेबल के साथ-साथ शामिल होंगे। प्रगतिशील नीतियों द्वारा समर्थित, राजस्थान का तेज़ी से बढ़ता औद्योगिक परिदृश्य निवेश और नवाचार के नए अवसर प्रदान करता है। उद्योग को समर्पित एक सत्र में राजस्थान की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। राजस्थान के सबसे मजबूत आर्थिक स्तंभों में से एक पर्यटन, विरासत, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पर्यटन में नए आयाम खोलने पर केंद्रित होगा, जिसमें शेखावाटी और उसकी प्रतिष्ठित हवेलियों जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा सेशन में डिजिटल पहुँच, कौशल प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा को बढ़ाने के लिए पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा और सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा। इसी प्रकार, स्वास्थ्य सेशन में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए साझेदारी बनाने हेतु चिकित्सा अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के विशेषज्ञ एक साथ आएंगे। जल पर सेशन में, सतत जल प्रबंधन, पारंपरिक जल संरचना पुनरुद्धार और रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसी परियोजनाओं पर चर्चा होगी, जो दीर्घकालिक जल सुरक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। इन संवादों के अलावा, राज्य भर में उद्योग, परोपकार और सामुदायिक विकास के अवसरों से प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ने के लिए एक विशेष हृररु राउंडटेबल का भी आयोजन किया जाएगा। ये सेक्टोरल सेशंस केवल चर्चा के लिए ही नहीं, बल्कि साझेदारी के मंच के रूप में भी तैयार किए गए हैं। वे प्रवासी राजस्थानियों को राज्य सरकार के साथ अपने अनुभव, दृष्टिकोण और सुझाव साझा करने का अवसर प्रदान करेंगे।



# सामंथा ने राज निदिमोरु संग रिश्ता किया कन्फर्म

एक्ट्रेस सामंथा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने इस साल लिए गए बोल्ड डिसीजन और अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात की, लेकिन इस पोस्ट में सबसे ज्यादा चर्चा उनकी एक तस्वीर को लेकर हुई, जिसमें वे डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ नजर आईं। इस फोटो ने उनके रिश्ते की अफवाहों को एक बार फिर हवा दे दी है। फोटो में सामंथा ब्लैक लेस ड्रेस में नजर आ रही हैं, जबकि राज ब्लैक सूट में नजर आ रहे हैं। दोनों कैमरे की तरफ देख रहे हैं। राज का एक हाथ सामंथा की कमर पर है और सामंथा दोनों हाथों से उन्हें पकड़कर पोज दे रही हैं। यह तस्वीर सामंथा के फ्रैगरेंस लॉन्च इवेंट की है। यह इवेंट इसी हफ्ते की शुरुआत में आयोजित किया गया था। इस इवेंट की कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसी पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने बीते कुछ सालों में लिए गए फैसलों और छोटी-छोटी सफलताओं को सेलिब्रेट करने की बात कही।

सामंथा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा - दोस्तों और परिवार से घिरी हुई हू। पिछले डेढ़ साल में मैंने अपने करियर के कुछ सबसे हिम्मत भरे कदम उठाए हैं। मैंने रिस्क लिए, अपनी इंट्यूशन पर भरोसा किया और चीजें सीखते हुए आगे बढ़ी। आज मैं इन छोटी-छोटी जीतों को सेलिब्रेट कर रही हू। मैं बहुत आभारी हूं कि मैं इतने ईमानदार और मेहनती लोगों के साथ काम कर रही हूं। भरोसा है, यह तो बस शुरुआत है। उनके इस पोस्ट पर कई लोगों ने रिएक्शन दिए। कुछ यूजर्स ने उन्हें बधाई भी दी। कुछ ने पूछा कि क्या सामंथा और राज ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है। एक यूजर ने लिखा - अब यह ऑफिशियल है। वहीं दूसरे ने लिखा - अगर यह ऑफिशियल है तो बहुत खुशी होगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से सामंथा और राज के रिलेशन को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। दोनों के बीच नजदीकियां तब बढ़ीं जब उन्होंने साथ में वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 में काम किया। बताया जाता है कि सीरीज के बाद से ही दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बनी हुई है। राज ने सामंथा के प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म शुभम में भी सहयोग किया था। हालांकि दोनों ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर कोई पब्लिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों और उनके एक साथ देखे जाने से यह चर्चा लगातार बनी रहती है।



# मैंने अपनी शर्तों पर हॉलीवुड में किया काम

दीपिका पादुकोण ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी फिल्मी घराने से आने के बावजूद इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। आज उनकी गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। अब दीपिका अपनी शर्तों पर काम करती हैं। यही कारण है कि अपने आठ घंटे काम करने की मांग के चलते उनके हाथ से कई बड़ी फिल्में भी निकलीं, लेकिन उन्होंने खुद से समझौता नहीं किया। अब दीपिका ने अपने हॉलीवुड करियर को लेकर भी एक बड़ा बयान दिया है। दीपिका ने कहा कि वो हॉलीवुड में अपनी शर्तों पर काम करेंगी, न कि वैसा जैसी हमारी वहां छवि बनी हुई है।

## विदेशों में भारतीयों की घिसी-पिटी छवि बनी हुई है

दीपिका ने कहा विदेशों में आज भी भारत को लेकर एक छवि है। साथ ही उन्होंने अपने साथ वहां हुए भेदभाव पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं भारत को दुनिया के सामने लाने को लेकर बहुत स्पष्ट थी, लेकिन जिस भारत को मैं जानती हूं, वह ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए हॉलीवुड में जाना और कुछ ऐसी चीजें करना जो हमसे उम्मीद की जाती हैं या जो ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से करना, कुछ ऐसा है जो मैं कभी नहीं करना चाहती थी। विदेशों में यात्रा के दौरान भी मैंने अक्सर देखा है कि वहां लोगों के मन में भारतीयों के बारे में वही पुरानी और घिसी-पिटी छवि है। चाहे वह कास्टिंग को लेकर हो, या हमारे बोलने के तरीके को लेकर हो या मेरी त्वचा के रंग को लेकर हो। यही कारण है कि हमें वहां टैलेंट को देखते हुए काम नहीं मिला, बल्कि घिसे-पिटे रोल दिए गए।


## विदेश में इंटरनेशनल ब्रांड के होर्डिंग पर खुद को देखकर हुआ गर्व

दीपिका ने कहा कि मैं बिल्कुल स्पष्ट थी कि मैं यह काम अपने तरीके से और अपनी शर्तों पर करूंगी। बेशक इसमें ज्यादा समय लगा। हाल ही में अपने एक इंटरनेशनल ब्रांड के अभियान को याद करते हुए दीपिका ने बात की, जब सनसेट बुलेवार्ड पर जगह-जगह उनके होर्डिंग लगे थे। अभिनेत्री ने कहा कि मैं उस समय लॉस एंजिल्स में थी। यह देखकर पहले मुझे अजीब लगा, लेकिन साथ ही मुझे गर्व भी हुआ। एक वैश्विक लक्जरी ब्रांड के होर्डिंग पर एक भूरे रंग का चेहरा देखकर अच्छा लगा। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था और यह हर एक भारतीय महिला की जीत जैसा लगा।

### विन डीजल के साथ हॉलीवुड डेब्यू

दीपिका ने 2017 में विन डीजल के साथ 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से हॉलीवुड में कदम रखा था। तब से दीपिका ने कई इंटरनेशनल ब्रांड साइन किए हैं और ग्लोबल मंच पर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि, उसके बाद से दीपिका किसी हॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण इन दिनों शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। साथ ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म को लेकर भी चर्चाओं में हैं।

# अनीस के साथ फिर काम करेंगे अक्षय



अक्षय कुमार साल में कई फिल्में करने के लिए जाने आते हैं। इस साल उनकी फिल्म कसरी चैप्टर 2 और हाउसफुल 5 जैसी कई बड़ी फिल्मों ने चर्चा बटोरी। अब अक्षय अगला साल की अपनी नई फिल्मों की तैयारी में जुट गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... अक्षय जल्द ही साउथ की मशहूर फिल्म संक्रांतिकी वस्तुनम के हिंदी रीमेक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। यह फिल्म मूल कहानी को बरकरार रखते हुए नए ट्विस्ट और हास्य से भरपूर होगी। अक्षय और अनीस को इस फिल्म की कहानी काफी पसंद आई है। साउथ वर्जन में एक्टर वेंकटेश मुख्य भूमिका में थे, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच उलझे हुए दिखाए गए थे। बताया जा रहा है कि हिंदी वर्जन में इसे और मजेदार अंदाज में पेश किया जाएगा। फिल्म में कई नए कॉमिक सीन जोड़े जाएंगे, जिससे यह मूल से कहीं बड़ी और मनोरंजक बनेगी। फिल्म की कहानी लेखन का काम जारी है और अगले साल फरवरी से शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग है।


# जूटोपिया 2 में जुडी हॉप्स की आवाज बनेंगी श्रद्धा कपूर



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हॉलीवुड फिल्म जूटोपिया 2 में अपनी आवाज देंगी। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीर में श्रद्धा जूडी हॉप्स के साथ बैठी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर इसे कैप्शन दिया, जूटोपिया 2 परिवार में शामिल होने के लिए और जूडी हॉप्स की आवाज देने के लिए बहुत खुश हूं। वह बहादुर, निडर, उत्साही और बहुत प्यारी है और मैं इसे बचपन से पसंद करती हूं। आज आपके लिए एक खास सरप्राइज भी आने वाला है। जुड़े रहिए। अभिनेत्री की पोस्ट देखने के बाद फैंस जूटोपिया 2 के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जूटोपिया 2016 की डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म है, जिसमें एक खरगोश पुलिस अधिकारी (जूडी हॉप्स) और एक लोमड़ी ठग (निक वाइल्ड) एक रहस्यमय षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हैं। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया भी मिली थी। साथ ही, इसने ऑस्कर भी जीता था। अब इसका सीक्वल जल्द ही आने वाला है, जिसे जारेड बुश और जोसी ट्रिनिडैड ने मिलकर निर्देशित किया है और जिसे आवाज श्रद्धा कपूर देंगी। अभिनेत्री जल्द ही पीरियड ड्रामा फिल्म में नजर आने वाली हैं। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी जानकारी और नाम की घोषणा नहीं की है। इसी के साथ अभिनेत्री ने निर्माता एकता कपूर के साथ एक मल्टी-फिल्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। खबर है कि लोकप्रिय फिल्म धूम फ्रैंचाइजी के लिए भी श्रद्धा की बातचीत चल रही है।



# शाहरुख खान के कहने पर किंग का हिस्सा बने अभिषेक बच्चन



शाहरुख की फिल्म किंग का फर्स्ट लुक सामने आने के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में है। इस फिल्म में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जो पठान और वॉर जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है कि इसमें अभिषेक बच्चन मुख्य विलन की भूमिका निभाते दिखेंगे। यह पहली बार होगा जब अभिषेक किसी निगेटिव किरदार में नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के मुताबिक... अभिषेक शुरुआत में इस रोल को करने को लेकर थोड़ा हिचकिचा रहे थे, क्योंकि उन्होंने हाल ही में आई वांट टू टॉक और कालीधर लापता जैसी फिल्मों में सौम्य किरदार निभाए थे लेकिन शाहरुख ने उन्हें यह चुनौती स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेड्स के मुताबिक, अगर शाहरुख का सुझाव न होता, तो शायद अभिषेक यह भूमिका नही निभाते। शाहरुख और अभिषेक की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों इससे पहले फराह खान की फिल्म हैप्पी न्यू ईयर (2014) में साथ नजर आए थे।

# निर्देशक कबीर खान के साथ एक बार फिर काम करेंगे कार्तिक आर्यन



का र्तिक आर्यन और निर्देशक कबीर खान नए प्रोजेक्ट के लिए फिर साथ आएंगे। दोनों ने साथ में फिल्म चंदू चैंपियन पर काम किया था। यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म की अपार सफलता के बाद कार्तिक एक भारी-भरकम बजट वाली एक्शन ड्रामा फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इसका निर्देशन कबीर करेंगे। सूत्रों के अनुसार... कबीर को हर एक फिल्म के साथ थ आगे बढ़ना पसंद है और उनकी अगली फिल्म एक्शन, ड्रामा और भावनाओं से भरपूर दमदार और रोमांचक कहानी है। उन्हें लगता है कि कार्तिक इसके लिए बिल्कुल सही हैं और यह जोड़ी खुद को एक ऐसे कॉम्बो के रूप में स्थापित करना चाहती है जो दर्शकों को हमेशा एक नया सिनेमाई अनुभव प्रदान करे। कबीर अगले साल इस फिल्म की घोषणा करेंगे। इसके अलावा कार्तिक इन दिनों फिल्म नागजिला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।



# वर्दी पहनते ही एक चौड़ आ जाती है

**जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने करियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर, जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज दिल्ली क्राइम में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। दिल्ली क्राइम 2 के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है।**

दिल्ली क्राइम सीजन 3 से क्राइम और इन्वेस्टीगेशन की इस दुनिया में लौटने के बारे में शेफाली बताती हैं, मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हू, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हू, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा। वह पहले एसीपी थी, अब डीआईजी है, ट्रांसफर हो चुका है, तो काफी चीजें बदल चुकी हैं, इसलिए इसे करते वक्त कुछ भी बोरिंग या प्रिडिक्टेबल नहीं लगता है।

## बदलाव सबसे पहले घर से आता है


दिल्ली क्राइम 4 गर्ल ट्रैफिकिंग यानी लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित है। शो करते हुए ये घटनाएं शेफाली शाह पर कितना असर करती हैं? यह पूछने पर वह कहती हैं, बहुत असर करती हैं। अगर मुझ पर असर नहीं होगा, मुझे महसूस नहीं होगा तो मैं दिखाऊंगी क्या? अगर मुझे ये चीज अंदर तक नहीं झकझोरेगी तो मैं उसे दिखा भी नहीं पाऊंगी। मैं सच में कह रही हू कि जो इमोशन आप स्क्रीन पर देखते हैं, वो 100 फीसदी सच होता है।

मगर शेफाली को खुद लड़कियों से जुड़े कौन से मुद्दे परेशान करते हैं? इस पर वह कहती हैं, बहुत सारी समस्याएं हैं। भ्रूण हत्या, किसी भी तरह का मानसिक, शारीरिक या सेक्शुअल शोषण। समाज में बराबरी का न होगा लेकिन ये सब इतनी आसानी से नहीं बदलेगा। ये बरसों की सोच है जिसे बदलना है और यह बदलाव सबसे पहले आपके घर से आएगा। मैं हमेशा कहती रही हू कि हमारी बेटियां तभी सुरक्षित होंगी जब हम अपने बेटों की सही तरह से परवरिश करेंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है।

## अपनी प्राथमिकताएं तय करना सीख गई हूं

सीरीज रसिका दुग्गल के किरदार के बहाने औरतों पर घर और काम के दबाव को भी दिखाती है। शेफाली खुद इन दोनों के बीच कैसे बैलेंस बनाती हैं? इस पर वह बताती हैं, आपको बस करना होता है। हमारे पास ऑप्शन क्या है? ये है कि मेरे बच्चे बड़े हो गए हैं तो अब उन्हें मेरी उतनी जरूरत नहीं है, पर अब भी बहुत सारी चीजें हैं। हालांकि, वक्त के साथ मैं प्राथमिकताएं तय करना सीख गई हू कि कौन सी चीज तुरंत करना जरूरी है। जैसे, मेरा यह रहता है कि अगर घर पर सब खुश, स्वस्थ और सुरक्षित हैं तो ठीक है। अगर इन तीन चीजों में दिक्कत है तो मैं दुनिया की बाकी सब चीजें छोड़ दूंगी। उसके अलावा खाना नहीं बना, खाना नहीं खाया, पानी नहीं आया, ये सब हैंडल करना बहुत थकाऊ होता है। खासकर, इसलिए कि वर्तिका की तरह मैं भी अपने काम में डूब जाती हूं, तो उस वक्त अगर घर में खाना नहीं बना तो क्या करूं? लेकिन फोन आता है, तो मैं कहती हू ऑर्डर कर लो। उस पर भी ओटीपी की व्यथा कथा शुरू हो जाती है (हंसती हैं)। ये ओटीपी बहुत दर्दनाक चीज है। मतलब, दिल्ली क्राइम के पहले सीजन की सनडांस में स्क्रीनिंग चल रही थी। शो शुरू होने वाला था और मेरा बेटा फोन पर फोन किए जा रहा है। मैंने पूछा क्या हुआ, सब जिंदा हैं, तो बोला- मुझे ओटीपी चाहिए। मतलब क्या कहू पर मुझे देना पड़ा।

## भारतीय सेना में ग्रेनेडियर रहे मीणा का निधन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** उपखण्ड के बिजौलियां खुर्द निवासी भारतीय सेना में ग्रेनेडियर रहे 62 वर्षीय हीरा लाल मीणा का बुधवार को निधन हो गया।परिजन धनराज मीणा ने बताया कि हीरालाल मीणा बिजौलियां क्षेत्र से सबसे पहले भारतीय सेना में गए थे।ग्रेनेडियर के रूप में 1976-1991 तक की अवधि तक सेना में सेवाएं दी।असम,नेपाल, सूरतगढ़ (गंगानगर), पंजाब, लालगढ़,राजगढ़ (गुजरात) में तैनात रहे। वहीं 1978 के श्री लंका युद्ध में भी सेवाएं दी ।क्षेत्रवासियों ने मीणा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में अश्विन व हरगोविंद राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नेतृत्व करेंगे



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** बीकानेर में 10-11 नवंबर को शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयी तीरंदाजी प्रतियोगिता में सीएसटी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में जगह बनाई है। 14 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में अश्विन कुमावत का चयन कंपाउंड स्पर्धा में तथा हरगोविंद मीना का चयन रीकर्व स्पर्धा में हुआ है। अब दोनों विद्यार्थी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में 17 से 21 नवंबर तक होने वाली अंडर-14 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजस्थान के 24 सदस्यीय दल का नेतृत्व भी सीएसटी विद्यालय के इन दोनों विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। संस्था के निदेशक एल.एल. कुमावत ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ संस्था शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में बच्चों को समान अवसर प्रदान कर रही है। वहीं संस्था के वरिष्ठ सदस्य नीलेश ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि अश्विन और हरगोविंद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

## श्री कालभैरव के जन्मोत्सव पर को लगाया महाप्रसादी का भोग



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छान्देल कलां में भैरूजी महाराज मंदिर में महाकाल के अवतार श्री काल भैरव की जयंती पर समस्त ग्रामवासी द्वारा गुरुवार देर रात को रामधवनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामधवनी कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नाचते कूदते हुए भैरव बाबा को रिझाया गया। वहीं भैरूजी महाराज के गोड़ला दयाराम गुर्जर ने बताया कि भगवान कालभैरव की जयंती हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रद्धा और भक्ति से मनाई जाती। वहीं श्री कालभैरव महाराज के जन्मोत्सव पर सभी ग्रामवासियों के सहयोग से महाप्रसादी में हलवा पूड़ी भुजिया का भोग भी लगाया गया। वहीं छान्देल वासियों ने बड़ी धूमधाम से भैरव का जन्मोत्सव मनाया गया।

## समूह चर्चा कर दिया जल संरक्षण का संदेश

जयपुर टाईम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यकरम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में रूडिप के अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी के सहयोग से बंजारा बस्ती कुचामन में समूह चर्चा कर दिया जल संरक्षण का संदेश साथ ही परियोजना के विकास कार्यों से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक साथ ही परियोजना से संबधित सुझझाव एवं शिकायत के लिए टोल फ्री नंम्बर 18001219400 के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक। सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने आमजन को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि आपके शहर में परियोजना कार्य प्रगति पर है साथ ही नई जल प्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नई पाईप के अन्तर्गत पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा और आमजन से अपील कि पानी को किसी भी तरह बबोद नहीं करें आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल जीवन का आधार है इसके साथ ही परियोजना कार्यों में सकारात्मक सहयोग की अपील की। साथ ही कैप की सविता शर्मा ने कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे को इधर उधर ना डालें नगर परिषद द्वारा नियत स्थान पर ही डाले शहर को साफ सुधरा रखने में सहयोग देकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दें साथ ही स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता के बिना समृद्धि संभव नहीं है इसलिए आप सभी आमजन से अपील है कि अपने शहर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें । स्थानीय आमजन ममता देवी, विमला देवी, सुमन, मीरा देवी, दशा देवी एवं एल एण्ड टी के किशन सिंह आदि का कार्यकृम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।


# दुष्कर्म अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने के प्रकरण में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मारोठ पुलिस को मिली कामयाबी मुख्य आरोपी शीशपाल सहित राजूराम को किया गिरफ्तार,**

**2 नामजद सहित कई आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर**

जयपुर टाइम्स

**मारोठ(निसं.)** कस्बे के पुलिस थाना मारोठ में 25 अक्टूबर को ब्लैकमेल कर अवैध संबंध बनाकर रुपए वसूल कर व अश्लील वीडियो फोटो शेयर कर कई लोगों द्वारा वीडियो फोटो के जरिए ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज हुआ। जिसको लेकर मारोठ




पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी शीशपाल सहित राजूराम को गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट में बताया गया कि चार साल पहले शिंभूपूरा निवासी शीशपाल नामक युवक ने विवाहिता के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और इसी डर के साए में पीड़िता से कई बार दुष्कर्म किया। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार साल से आरोपी लगातार पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था। उसने न केवल धमकियों का सहारा लिया बल्कि अश्लील वीडियो और तस्वीरों के जरिए लाखों रुपए भी वसूले। पीड़िता जब इस संबंध से बाहर निकलना चाही तो शीशपाल ने उसे डराने के लिए वीडियो और फोटो व्हाट्सएप पर भेज दिए। यही नहीं, आरोपी ने ये वीडियो और फोटो अपने साथियों राजेंद्र और छीतरमल समेत कई अन्य मित्रों को भी दे दिए। इन लोगों ने भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता से दुष्कर्म करने की कोशिशें कीं। मामला यहीं नहीं रुका। दस से ज्यादा मोबाइल नंबरों से लगातार धमकी भरे संदेश और अश्लील वीडियो पीड़िता के मोबाइल पर भेजे गए। जिससे परेशान होकर मारोठ थाने में मामला दर्ज हुआ। मारोठ पुलिस द्वारा प्रकरण में घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना अधिकारी मारोठ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया आरोपियों को थाना हाजा के टॉप टेन वांछित अभियुक्तों में चयन किया गया टीम द्वारा फील्ड इंटेलिजेंस एवं आसूचना संकलन कर संदिग्ध स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चेक कर तकनीकी सहायता से त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी शीशपाल को डिटेल किया गया आरोपी शीशपाल को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी राजूराम द्वारा पीड़िता की फोटो वायरल करने के आरोप में बाद पूछताछ जुल्म प्रमाणित पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया कार्रवाई में थानाधिकारी बद्री प्रसाद मीणा, विशेष योगदान राजेंद्र कांस्टेबल ,पवन कुमार विनोद कुमार, नरसी लाल का रहा।

**इनका कहना है:**

रिचा तोमर पुलिस अधीक्षक एवं नेमीचंद खारिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व मुकेश चौधरी वृत्ताअधिकारी कुचामन के निकटतम सुपरविजन में बलात्कार के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी शीशपाल व राजूराम को गिरफ्तार किया गया।

**बद्री प्रसाद मीणा थानाधिकारी मारोठ।**

## जिला परिषद में सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के साथ 'चंद्रज्योति अभियान की हुई बैठक

जयपुर टाइम्स

**(निस.)** कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। जिला परिषद के सीईओ एएन सोनाथ ने बताया की यह अभियान शिक्षा और नागरिक चेतना को ग्राम स्तर पर सशक्त करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से 'डिजिटल संविधान घर पहल पर विचार-विमर्श किया गया, जो एक पुस्तकालय परियोजना है जिसे मुख्य रूप से एसबीआई कार्ड द्वारा तथा अन्य गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से सह-वित्तपोषित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और संवैधानिक साक्षरता को बढ़ावा देना है। बैठक की अध्यक्षता आईएएस निवृत्ति ने की। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ चंद्रज्योति अभियान के तहत हुई उपलब्धियों तथा डिजिटल संविधान घर पुस्तकालयों के क्रियान्वयन में आ




रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में संसाधनों की उपलब्धता, छात्रों की पहुंच, और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही, इस पहल को अधिक सतत, प्रभावी और दीर्घकालिक रूप से सफल बनाने के लिए रणनीतियाँ भी सुझाई गईं। इस चर्चा के सभी बिंदुओं को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छह शोधार्थियों ने नोट किया और उनका विश्लेषण किया। ये शोधार्थी स्थानीय शासन और सामुदायिक शिक्षा के मॉडल पर कार्य कर रहे हैं, और उनका विश्लेषण चंद्रज्योति अभियान के ढांचे को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने में योगदान देगा।

## युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर(कास.)** अलवर जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक युवक के अपहरण और उसे बंधक बनाकर 25 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशों पर यह कार्यवाही की गई।

**आम सूचना**

मैं गोपाल लाल कुम्हार उम्र 61 साल पुत्र श्री जेठू राम कुम्हार जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी छापरी पोस्ट कोरसीना तहसील फुलेरा जिला जयपुर प्रान्त राजस्थान शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि आधार संख्या 7424366 8363:-
कि मेरे समस्त दस्तावेजो आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, नेशनल पेंशन सिस्टम, राशन कार्ड, बैंक पास बुक, ड्राइविंग लाईसेंस, जन आधार कार्ड इत्यादि में मेरा व मेरे पिता का नाम गोपाल लाल कुम्हार पुत्र श्री जेठू राम कुम्हार अंकित है तथा मेरे पिता का नाम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर के माध्यमिक परीक्षा, 1996 की अंक - तालिका क्रमांक 000614, संदर्भ संख्या 604 व रोल नम्बर 955618 में गोपाल लाल कुम्हार पुत्र जेठ मल कुमार गलती से अंकित हो गया। अतः मेरे पिता का नाम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर के माध्यमिक परीक्षा, 1996 की अंक तालिका कमांक 000614, संदर्भ संख्या 604 व रोल नम्बर 955618 में गोपाल लाल कुम्हार पुत्र जेठ मल की जगह मेरे पिता का नाम गोपाल लाल कुम्हार पुत्र जेठू राम कुम्हार पढ़ा एवं समझा जाए
मेरे पिता के नाम के सम्बंध में अगर कोई वाद-विवाद उत्पन होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

## सरकार को बड़े हादसों का इंतजार, 7000 मकान कभी भी बन सकते हैं हादसों का शिकार - अमित जादौन, सचिव मुस्कान सोसाइटी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो और बरसाती जलभराव की समस्या पिछले दो साल से आमजन के लिए नारकीय जीवन का कारण बनी हुई है। मुस्कान समिति धौलपुर के सचिव अमित जादौन ने आरोप लगाया कि लगभग 80 हजार नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सिर्फ कागजों में ही हो रही है, जबकि जमीनी हालात इसके विपरीत हैं। करीब 7000 मकान जलभराव, सीवर ओवरफ्लो और कमजोर नींव के कारण कभी भी बड़े हादसों का शिकार बन सकते हैं। समिति के अनुसार 23 अगस्त 2023 से 66 कॉलोनियों में सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, नालियां अधूरी हैं और जहां कच्चे नाले खोदे गए हैं, वे भी एक सिरे से दूसरे सिरे तक पूरे नहीं होने के कारण पानी फिर सड़क पर लौट आता है। आनंद नगर, दारा सिंह नगर, शिव नगर, हुंडवाल नगर, नर्सरी रोड, सुरजीत नगर, शांति नगर, पुष्पांजलि विहार सहित कई कॉलोनियों में नालों और सीवर के गंदे पानी से आवागमन बाधित है तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। आरोप है कि नालों की सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष करीब 60 लाख रुपये और सीवर लाइन व सीवरेज सिस्टम पर करोड़ों रुपये तथा तगावली स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के रखरखाव पर लाखों रुपये कागजों में खर्च दिखाए जा रहे हैं, लेकिन इनका सीधा लाभ कॉलोनियों को नहीं मिल रहा। वहीं नेशनल हाईवे के दोनों ओर बने नालों पर पक्के अवैध अतिक्रमण ज्यों के त्यों खड़े हैं, जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित है। मुस्कान समिति का कहना है कि नहर व नालों की भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग एवं नगर परिषद की संयुक्त टीम ने 23 जनवरी 2018 को 66 अतिक्रमणों की रिपोर्ट तैयार की थी, लेकिन कार्रवाई के बजाय अब हाल ही में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं में जलभराव न होने की बात लिख दी गई। लगभग 1400 परिवादियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्रीय कानून मंत्री, गृह सचिव एवं अन्य अधिकारियों को दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ दर्जनों परिवेदनाएं भेजी हैं। अब मुस्कान समिति ने निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर, प्रतीक चंद्रशेखर को पत्र लिखकर मांग की है कि 66 कॉलोनियों में जारी इस गंभीर समस्या पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई हो, बजट स्वीकृत कर सीवर लाइन की सफाई तथा दोनों ओर पक्की नालियां बनाई जाएं, जिससे संभावित बड़े हादसों को रोका जा सके।

### भाविप द्वारा योग शिविर का आयोजन

**बिजौलियां।** भारत विकास परिषद शाखा बिजौलियां द्वारा 14 से 16 नवंबर तक योग शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन (जागेश्वर महादेव) में प्रतिदिन 6:30 से 7:30 बजे तक किया जाएगा।शिविर में शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया की पूर्व तैयारी अभ्यास समेत आसन, प्राणायाम और ध्यान केन्द्रित आंतरिक सुषुप्त शक्तियों को जागृत करने,शक्तिशाली रेचन प्रक्रिया द्वारा नकारात्मक ऊर्जा को शरीर से मुक्त करने के साथ ही भावनात्मक शुद्धिकरण द्वारा अंतःकरण चेतन शक्ति को जागृत करने के बारे में बताया जाएगा।

**OFFICE OF THE PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: PS-SBR/2025-26/181-1/1045 DATE: 12/11/25

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Two construction work at GP HIRNODA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 7.00 Lacs
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
UBIN ZJP2526WSOB01821 & ZJP2526WSOB01822

**BDO
Panchayat Samiti
Sambhar Lake**

**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खैरथल - तिजारा**

क्रमांक/एनएचएम/2025-26 / 70/ दिनांकः- 13/11/2025

**खुली निविदा सूचना**

संस्था के अन्तर्गत की जाने वाली विभिन्न प्रकार की निविदाए पंजीकृत फर्म / एजेन्सी के माध्यम से निम्नलिखित प्रकार निर्धारित प्रपत्र ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क.सं. | कार्य का विवरण | निविदा खोलने की तिथि | यूबीएन नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय स्कूलों / विद्यालय / महाविद्यालयों में तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम / जागरूकता कार्यक्रम (ToFEI) | 17.11.2025 को दोपहर 2 बजे | MHS2526SSRC04940 |
| 2 | SHWP Materials i.e. Badges, Caps and T-Shirts with Printing | 17.11.2025 को दोपहर 2 बजे | MHS2526GSRC04939 |
| 3 | कार्यालय के लिए मासिक किराये के आधार पर वाहन अनुबंध पर लेने हेतु | 21.11.2025 को दोपहर 2 बजे | MHS2526SSRC04999 |

उपरोक्त निविदाएं से संबधित विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in व पर देखी या डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
खैरथल - तिजारा**

**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा**

क्रमांक/एनएचएम/2025-26/70/ दिनांकः- 13/11/2025

**निविदा शुद्धि पत्र**

कार्यालय आदेश क्रमांकः मुख्य / एमएनजेवाई / 2024 - 26 / 664 दिनांक 16.10.2025 के द्वारा की जानी निविदा पूर्व में दिनांक 11.11.2025 को खोली जानी थी में आंशिक संसोधन कर दिनांक 20.11.2025 को खोली जावेगी । निविदा से संबधित अन्य जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in व www. eproc. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN - MHS2526GLRC04498

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
खैरथल - तिजारा**

## मतदाता जन जागरूकता में स्कूली विद्यार्थियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले राज्य भर में मतदाता सूचियो का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत जिले में यह कार्य संपादित हो रहा है जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की मंशा है कि प्रत्येक बूथ पर यह कार्य निर्धारित समय में संपादित हो इसी मनसा के अनुरूप आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फ़रासपुरा में मतदाता सूचियो के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जन जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया वे भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में माहिती भूमिका निभाएं एवं अपने परिवारी जनों को एवं आसपास के परिवारों को इसकी जानकारी दें एवं नवीन बने मतदाता विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह इस जानकारी को अपने आसपास परिवार में साझा करें शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की मैपिंग घर-घर परिगणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है इसमें सभी सहयोग करें इस अवसर पर श्री शर्मा ने सभी स्कूल छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और आह्वान किया कि वह अपने विद्यालय घर गांव एवं ग्राम पंचायत को स्वच्छ निर्मल सुंदर एवं साफ सुथरी ग्राम पंचायत बनाने में खुद जागरूक होकर दूसरों को जागरूक करें सूखा कचरा एवं गीला कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखें और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें इस अवसर पर प्राचार्य कैलाश चंद शर्मा पोहप सिंह गीता सिंह प्रेम सिंह कृष्णदेव रामवीर रामसागर सत्येंद्र कुमार बूथ लेवल अधिकारी गंगाराम आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे अंत में शर्मा ने उपस्थित ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने मगरा से कुचील तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

जयपुर टाइम्स



**किशनगढ़ (अजमेर)** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने गुरुवार को किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुचील में मगरा से कुचील तक बनने वाली सड़क निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया। लगभग चार किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण एक सौ अस्सी लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को बेहतर संपर्क सुविधा प्राप्त होगी। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामवासियों के दैनिक आवागमन में सुगमता आएगी। किसानों को अपनी उपज को मंडी तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक आने-जाने तथा मरीजों को समय पर चिकित्सकीय सुविधा मिलने में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह सड़क उसी श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएँ ही वास्तविक ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। अजमेर संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव को बेहतर सड़क संपर्क, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा सुविधाओं से जोड़ना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही परिणाम तब आता है जब स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण, दोनों मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे विकास कार्यों की निगरानी करें, सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और अपने क्षेत्र को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित करने में सहयोग दें।ामवासियों ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद भागीरथ चौधरी का इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की सौगात के लिए गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भरोसा जताया कि भविष्य में भी क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं—जैसे पेयजल, कृषि सुविधाएँ, सामुदायिक भवन और स्वास्थ्य सेवाएँ—के लिए वे इसी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत समिति सिलोरा के प्रधान रामचन्द्र थाकण, ग्राम पंचायत कुचील के सरपंच शाहिद खान, सुरसुरा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सुनारीवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंडावा में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण आकलन शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से वयोश्री योजना एवं एडीप योजनान्तर्गत गुरुवार को पंचायत समिति, मंडावा में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु आकलन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन उपखण्ड अधिकारी मुनेश कुमारी, विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण मीणा व ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनिता धायल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में एलिम्को टीम के विशाल मौर्य, अताउर्रहमान और पंकज ने दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के उपकरण संबंधित आकलन कार्य में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वयोश्री योजना एवं एडीप योजनान्तर्गत शिविर में कुल 31 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया, जिन्हें आगामी चरण में आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति मंडावा के सहायक विकास अधिकारी राकेश जानू, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावास अधीक्षक विकास मील, कनिष्ठ लेखाकार नेहा झाझडिया, गोविंद एवं पिंकी सैनी सहित दिव्यांग कल्याण संस्था के राकेश श्योराण, बाबूलाल कुमावत, नंदलाल कुमावत तथा क्षेत्र के सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनिता धायल ने शिविर में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, संस्थाओं और उपस्थित दिव्यांगजनों का आभार व्यक्त किया।

## झुंझुनूं में स्पर्श डायग्नोस्टिक सेंटर का भव्य उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** सोनू मोनू कॉम्प्लेक्स के पीछे मान नगर में गुरुवार को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त स्पर्श डायग्नोस्टिक सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. छोटेलाल गुर्जर तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी रहे। सेंटर का संचालन डॉ. संदीप कुमार एवं डॉ. विशाखा कड़वासरा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) के निर्देशन में किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, भाजपा नेता महेश बसावतिया, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. बाजिया, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. पुष्पेंद्र बुडानिया, डॉ. रजनीश माथुर, डॉ. अंजना माथुर तथा डॉ. राजेश कटेवा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. गुर्जर एवं सैनी ने फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया।मुख्य संरक्षक महेन्द्र सिंह व सुमेर सिंह कडवासरा है, अतिथियों ने सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक जांच सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे झुंझुनूं शहर के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## महिलाओं की आईडल रूमा देवी पहुंचीं नवलगढ एक्सीडेंटल गौशाला

### गौशाला में पहुंच कर रुमा बोलें ये बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं गौसेवक



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के लक्ष्मणगढ़ रोड़ स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गुरुवार को पहुंची रूमा देवी। गौसेवक ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया , रूमा देवी ने कहा में शेखावाटी में झुंझुनूं में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं थीं तब मुझे पता चला मेरें भाईयों के द्वारा गौमाता की रक्षा के लिए ऐक्सिडेंटल गौशाला चलाईं जा रही है । मेने तुरंत कार्यक्रम के समापन के पश्चात नवलगढ़ श्री कृष्ण गौशाला पहुंचीं और वहां पर देखा महिलाओं और भाईयों के द्वारा गौमाता कि सेवा करते हुए देखा । बहुत ही सराहनीय कार्य इनके द्वारा किया जा रहा है इन सभी गौभक्तों पर गौमाता का आशीर्वाद बना रहें। इनका सेवा का भाव बहुत ही अच्छा है। इसमें नागरमल बड़ोदा,भेरू सिंह ,मयुर शर्मा, नितिन, अनिल माली, लोकेन्द्र सैनी, मनोज गुर्जर, डॉ माया सैनी आदि गौभक्त मौजूद रहे।

## मण्डावा में स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन आज

**मण्डावा** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ मंडावा का वार्षिक अधिवेशन 14 नवंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे से श्री डेडराज ढांढनिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा में आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा व मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में मंडावा ब्लॉक के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान, स्काउटर व गाइडर भाग लेंगे।

## अतिक्रमण पर चुप क्यों है पालिका प्रशासन?

### सड़कों पर कब्जा, बढ़ता खतरा, व्यापारियों ने जताया रोष

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)।** कस्बे की मुख्य सड़कें इन दिनों अतिक्रमण की मार झेल रही हैं। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा ठेले, रेहड़ियाँ और सामान रखे जाने से राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। इन अतिक्रमणों के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ घटित हो रही हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन मौन बना हुआ है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए फुलेरा व्यापार महासंघ का प्रतिनिधिमंडल नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) सूर्यकांत शर्मा से मिला और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा ने बताया कि राज्य सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 19 निर्देश जारी किए हैं, जिनका सभी नगरीय निकायों को 30 दिसंबर तक अनुपालन करना है। परंतु फुलेरा नगरपालिका इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि कस्बे की मुख्य सड़कों पर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों के कारण यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं जोधपुर मार्ग पर बने आरोबी (रेलवे ओवरब्रिज) के नीचे कंटेनर,थडिया रखकर रेस्टोरेन्ट व व्यवसायिक गतिविधियां संचालित है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संभावनाएँ बढ़ रही हैं। व्यापार महासंघ ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन इन अतिक्रमणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे शहर की सड़कें हादसों के जाल में फँसती जा रही हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा, प्यारेलाल कुमावत, मोहित धांधल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## बहुमंजिला इमारतों में निर्माण चरण से ही डीपीएनजी की तैयारी



### प्रदूषणमुक्त हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा : प्रमुख सचिव खान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य में हरित और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए अब बहुमंजिला बिल्डिंगों के निर्माण चरण से ही पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस (डीपीएनजी) की ढांचागत सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। खनन, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने निर्देश दिए कि राज्य में कार्यरत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियां भवन निर्माताओं के साथ समन्वय कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप गैस पाइपलाइन नेटवर्क की योजना तैयार करें। खनिज भवन में गुरुवार को सीजीडी संस्थाओं की प्रगति एवं विस्तार की समीक्षा बैठक लेते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17 जियोग्राफिकल एरिया में कार्यरत 13 सीजीडी कंपनियों द्वारा अब तक 4 लाख 82 हजार परिवारों को पाइपलाइन से घरेलू गैस सुविधा से जोड़ा जा चुका है। साथ ही 491 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों के लिए स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। रविकान्त ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा लागू सीजीडी नीति से संस्थाओं की स्थानीय एवं राज्य स्तरीय समस्याओं के त्वरित निस्तारण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शीघ्र शुरू होने वाले सीजीडी पोर्टल से व्यवस्था और अधिक पारदर्शी एवं पेपरलेस होगी। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि इस साल 1 लाख 25 हजार नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 30 हजार से अधिक कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बैठक में प्राकृतिक गैस आधारित प्रदूषणमुक्त औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन, घरेलू पीएनजी पर उज्ज्वला योजना की तर्ज पर अनुदान और वाहनों में एलएनजी उपयोग बढ़ाने संबंधी सुझाव भी रखे गए।

## सड़क सुरक्षा मित्र बचाएंगे सड़क दुर्घटना में घायलों का जीवन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्तियों को सुनहरा अवसर (गोल्डन ऑवर) में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर-द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा मित्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला झोटवाड़ा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कालवाड़ के सभागार में ग्राम पंचायत कालवाड़, मांचवा एवं हाथोज़ के चयनित जीवन रक्षक मित्रों के लिए रखी गई। जिला परिवहन अधिकारी जयपुर-द्वितीय अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा विषयक प्रशिक्षण, मूलभूत जीवन रक्षक सहायता (मूलभूत लाइफ सपोर्ट) तथा हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सड़क सुरक्षा स्वैच्छिक संस्था की प्रतिनिधि निशा बग्गा, एसएमएस चिकित्सालय से राजकुमार राजपाल एवं राधेश्याम शर्मा तथा वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह ने प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटना की स्थिति में सही तरीके से प्राथमिक सहायता देने की क्रमबद्ध जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह, झोटवाड़ा पंचायत समिति के विकास अधिकारी हरिसिंह तथा सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश मीणा द्वारा जीवन रक्षक मित्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए यातायात नियमों की कड़ाई से पालना करने की अपील की तथा सभी जीवन रक्षक मित्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। सड़क सुरक्षा स्वैच्छिक संस्था की ओर से निशा बग्गा ने दृश्य प्रस्तुति के माध्यम से सड़क संकेतकों और सड़क चिह्नों के महत्व को विस्तार से समझाया। एसएमएस चिकित्सालय के राजकुमार राजपाल व राधेश्याम शर्मा ने प्रतिभागियों को दुर्घटना स्थल पर घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने, सांस रुकने की स्थिति में उचित तकनीक से सहायता देने सहित विभिन्न अवस्थाओं में अपनाए जाने वाले सावधानियों की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसे जीवन रक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में निरंतर रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला का समापन उच्चस्तरीय खरीदार-विक्रेता बैठक के साथ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला का समापन उच्च स्तरीय बॉयर-सेलर मीट के साथ हुआ। इस बैठक ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), उत्पादक समूहों, किसान उत्पादक संगठनों तथा देशभर के प्रमुख संस्थागत खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संवाद का सशक्त मंच प्रदान किया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (ग्रामीण आजीविका), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार स्वाति शर्मा, भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य मिशन निदेशक, राजीविका नेहा गिरि, भारतीय प्रशासनिक सेवा ने की। इस अवसर पर तमिलनाडु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.वी. शाजीवना भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने बाज़ार पहुंच एवं उद्यम विकास के लिए अपनाई गई रणनीतियों को साझा किया। राजीविका ने राजस्थान के 41 जिलों से मसालों, शहद, अनाज, पशुधन, प्राकृतिक खेती तथा प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों सहित विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो हजारों एसएचजी महिलाओं की आर्थिक सक्रियता का परिचायक है। खाद्य, कृषि, मसाले, पशुधन, प्रसंस्करण एवं निर्यात क्षेत्रों की 25 से अधिक अग्रणी कंपनियों ने सामुदायिक संस्थानों के साथ संरचित संवाद करते हुए दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाएँ परखी। मुख्य समझौता ज्ञापनों के अंतर्गत अल्लाना ग्रुप द्वारा बकरियों, भेड़ों एवं भैंसों की बड़े पैमाने पर खरीद, एनिमल टेक्नोलॉजीज द्वारा पशु सखी मॉडल से सेवा संबंध, एफ एंड वी एक्सपोर्टर द्वारा मक्का, सिद्धिविनायक एग्रो, पुणे द्वारा बकरी, लहसुन एवं ताजा उत्पाद, एशियन स्पाइसेस, नेचर संपन्न, मेडिटेरेनियन फूड्स, प्रीथि ग्लोबल तथा एसयूएस एग्री डेवलपमेंट द्वारा जीरा, सौंफ, धनिया, मिर्च, हल्दी, सहजन पत्तियों व अन्य मसालों की खरीद, अभिनव एंटरप्राइजेज एवं स्वामी जी शहद उद्योग द्वारा कच्चे एवं जंगली शहद की खरीद, मूल्यं एग्रोनॉमिक्स प्रा. लि. द्वारा लहसुन, सीताफल, प्याज आदि की खरीद, स्पेक्ट्रा क्रायोजेनिक सिस्टम्स प्रा. लि. द्वारा क्रायोजेनिक मसाला ग्राइंडिंग मशीनरी में सहयोग, अमिगो द्वारा देशी नस्ल की बकरियों की खरीद तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा सरसों, मक्का, लहसुन, धनिया एवं मूंगफली की खरीद हेतु सहमति दर्ज की गई। इन समझौता ज्ञापनों ने ग्रामीण उत्पादों के लिए सुनिश्चित बाजार, महिला संचालित उद्यमों के लिए मूल्य श्रृंखला एकीकरण तथा लाखों एसएचजी महिलाओं को सतत उद्यमी के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक आधार तैयार किया है।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

### आक्षेपित आवेदनों में 14 नवम्बर तक करें आवश्यक सुधार एवं दस्तावेज पूर्ति

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने अभ्यर्थियों को दिया अंतिम अवसर

### 14 नवंबर के बाद प्राप्त निस्तारण या सुधार नहीं किए जाएंगे स्वीकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए प्रोफेशनल कोर्सेज एवं विभिन्न सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन 14 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। संयुक्त निदेशक श्री बी.पी. चंदेल ने बताया कि जयपुर जिले में प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत कुछ आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि कुछ अभ्यर्थियों के आवेदन दस्तावेजों की कमी या अपूर्णता के कारण आक्षेपित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आक्षेपित आवेदन पत्रों में आवश्यक सुधार अथवा दस्तावेजों की पूर्ति कर 14 नवम्बर 2025 से पूर्व आवेदन अग्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए निस्तारण पर विचार नहीं किया जाएगा। वहीं, उपनिदेशक जितेन्द्र कुमार सेठी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना वर्ष 2025-26 के तहत आपत्तियों के निस्तारण की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 को बढ़ाकर अब 14 नवम्बर 2025 कर दिया गया है। अतः समस्त अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपने आवेदन पत्रों पर दर्ज आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर विभाग को अग्रेषित करें, जिससे आगामी चयन प्रक्रिया में उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 नवम्बर 2025 के पश्चात प्राप्त निस्तारण या सुधार स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थियों की स्वयं की होगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
14 नवम्बर, 2025


## सेवा का सम्मान आज की आवश्यकता- राजपुरोहित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में मेडिकल एसोसिएशन व श्री करणी मेडिकोज के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उप जिला अस्पताल में कार्यरत व चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवा दे रहे डॉ संदीप बिजारणियां के जन्मदिन पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरपति चन्द्र पारीक, विनोद पारीक, अनिल दर्जी, महेंद्र सारण, बंशीधर बिजारणियां, विक्रम सिंह, संजय नाई, बिलाल खान सहित अनेक गणमान्यजनों ने डॉ बिजारणियां को जन्मदिन की बधाइयां देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ संदीप बिजारणियां ने सभी का आभार जताया।

## नेत्रदान के प्रति लोगों में बढ़ी जागरुकता, दो लोगों की अंधेरी जिंदगी को मिलती हैं रौशनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** मनीष बच्छावत पुत्र स्व विजयसिंह बच्छावत उम्र 40 वर्ष का निधन बुधवार को होने पर उनकी माता सरोज देवी बच्छावत ने इस दुखद घड़ी में भी परोपकार करने की सोची तथा अपने पुत्र मनीष बच्छावत के नेत्रों का दानकर किसी के अन्धेरे जीवन में उजाला लाने के लिए नेत्रदान करवाकर एक सराहनीय पहल कर एक अनूठा संदेश दिया है। तेरापंथ युवक परिषद ने इस सराहनीय पहल में प्रेरक की भूमिका निभाई। नेत्र संग्रह डॉ रविन्द्र कुमार के निर्देशन में तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने किया। उक्त जानकारी देते हुए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि 30 जनवरी को शुरू हुए इस केन्द्र में अब तक 17 नेत्रदान हो चूके हैं और यह 18 वां नेत्रदान हुआ है। मनीष की आंखों से दो नेत्रहीन लोग इस दुनिया को देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक इस केन्द्र में सरदारशहर, श्रीडूंगरगढ़, सुजानगढ़, सादुलपुर, राजलदेसर व सरदारशहर के गांव बरड़ासर से नेत्रदान किए गए हैं। इस सराहनीय पहल पर गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ होस्पिल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया तथा तेरापंथ युवक परिषद सरदारशहर के सदस्यों ने नेत्रदान परिवार का आभार व्यक्त किया है।

## राणी शक्ति का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव, अनेक भक्तों ने लगाई धोक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के श्री राणी शक्ति भक्त मण्डल द्वारा दादीजी के जन्मोत्सव पर अग्रसेन भवन में गुरुवार को मुजफ्फरपुर निवासी मनमोहन राजीव सोनी के मुखारविंद से संगीतमय भव्य मंगल पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दादीजी को चुंदड़ी ओढाकर छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगाया गया। मण्डल के वरिष्ठ सदस्य श्याम सुंदर मित्तल ने बताया की समाजसेवी पुरुषोत्तम लाल जैसनसरिया सपरिवार ने ज्योत लेकर मंगल पाठ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दादीजी का खजाना खोला गया। जिसमें 13-13 भाग्यशाली पुरुषों एवं महिलाओं को उपहार दिया गया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद कन्दोई, पवन पोद्दार, सुरेन्द्र जैसनसरिया, अंजनी जैसनसरिया, किशनलाल उड्सरिया, रोनक कंदोई, राम?अवतार मित्तल, विनोद उड्सरिया, हेमंत मेहरीवाला, अशोक बांयवाला, रवि बांयवाला, आशीष जैसनसरिया, जगदीश प्रसाद मित्तल, ओमप्रकाश मित्तल, अजीत कंदोई, सुमन डागा, मीना मित्तल, मिनाक्षी अग्रवाल, श्रेया लढिया, करिश्मा मित्तल, गोपी मित्तल, लीला कंदोई एवं भक्त मण्डल के सदस्यों सहित सैंकड़े भक्त जन उपस्थित थे।

## विजय फुट वियर का भव्य शुभारंभ हुआ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के कस्बे रामदेवरा बस स्टैंड स्थित विजय फुट वियर का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विजयपाल राहड़ व संजय कड़वाल बिरोल (अध्यक्ष मेडिकल यूनियन नवलगढ़ )और गांव निवासी प्रकाश जी अशोक ,कैलाश , रतन , हरि, निरंजन लाल आदि मौजूद रहे आए हुए अतिथियों का स्वागत सुरेंद्र जी राहड़ ने किया ।

## पटरी पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत, ग्रामीणों का दो घंटे तक ट्रेन को रोककर किया प्रदर्शन





### अंडरब्रिज नहीं बनने से बढ़ रहा हादसों का खतरा, 70 घरों के लोगों को नहीं है कोई रास्ता

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव दुलरासर में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। खेत जा रही किरण कंवर उम्र 50 साल पत्नी दानसिंह राजपूत ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने दुलरासर रेलवे स्टेशन पर दो घंटे तक धरना देकर ट्रेन का संचालन रोक दिया। मिली जानकारी के अनुसार किरण कंवर रोज की तरह सुबह खेत जा रही थी। इस दौरान ट्रेन के स्टॉपेज के दौरान 70' स्पीड में गुजरने के दौरान वह पटरी पार करते वक्त उसकी चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जहां यह हादसा हुआ वहां अंडरब्रिज नहीं है और गांव के लोग रोजाना खेतों में जाने के लिए पटरी पार करने को मजबूर हैं। गांव के भंवरसिंह राजपूत, पवन राजपुरोहित ने बताया कि बार-बार रेलवे विभाग को अवगत करवाने के बावजूद अंडरब्रिज निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। हादसों की यह जगह पहले भी कई बार जानलेवा साबित हो चुकी है।

### दो घंटे रोकी ट्रेन, अधिकारियों से वार्ता के बाद हटाया धरना

आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक रेलवे स्टेशन पर धरना देकर ट्रेन रोकी। बाद में रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने पर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान गांव के पवन पुरोहित, भंवरसिंह राजपूत, नारायणसिंह, उत्तमसिंह, विक्रमसिंह, राजेन्द्रसिंह, परमानंद पारीक, लादूराम नाई, भागीरथ, सरदारसिंह, पवन पारीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और सरदारशहर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत किया।

### 70 घरों और 100 से अधिक लोगों के लिए खेतों में जाने का कोई रास्ता नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के करीब 70 घरों और 100 से अधिक लोगों के लिए खेतों में जाने का रास्ता नहीं है। अंडरब्रिज निर्माण की मांग कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द अंडरब्रिज निर्माण की घोषणा नहीं हुई तो आंदोलन को फिर से शुरू किया जाएगा।

### पति की मौत हार्ट अटैक से, दो बच्चों के सिर से उठ गया मां बाप दोनों का साया

गांव के लोगों ने बताया कि करीब दस वर्ष पहले किरण कंवर के पति दानसिंह की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी थी। अब उनके पीछे दो छोटे बच्चे हैं। जिनके सिर से मां-बाप दोनों का साया उठ गया।

## लक्ष्मणगढ़ में बिरसा मुंडा जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार लक्ष्मणगढ़ के जिला अस्पताल में व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संदिग्ध रोगियों की जांच एवं परामर्श, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों का टीकाकरण और एएनसी जांच की गई। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा एनीमिया रोकथाम से जुड़ी जागरूकता गतिविधियों का भी संचालन किया गया।उपनियंत्रक डॉ. शीशराम चौधरी ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने ओपीडी में मरीजों को परामर्श दिया तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया।शिविर के सफल संचालन में चिकित्सा विभाग के समस्त कार्मिकों ने सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता निभाई।

## नीमकाथाना में क्रेशर, लीज मालिकों व चालकों की बैठक, सड़क दुर्घटनाओं को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/ पाटन(निंस.)** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना गिरधारीलाल शर्मा, वृताधिकारी वृत नीमकाथाना सुशील मान, थानाधिकारी पुलिस थाना नीमकाथाना सदर राजेश कुमार, थानाधिकारी पुलिस थाना पाटन रमेश चन्द, यातायात स्टाफ एवं पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में क्रेशर मालिकों, लीज मालिकों, ट्रांसपोर्ट संचालकों एवं ट्रक-डंपर चालकों की गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित चालकों एवं संचालकों से सुझाव प्राप्त किए गए। इस दौरान चालकों को ओवरलोड, ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने एवं गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों के संचालन से बचने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई चालक ओवरलोड, ओवर स्पीड, शराब पीकर या गलत नंबर से वाहन चलाता पाया गया, तो उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विधिनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित वाहन का पंजीकरण एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करवाया जाएगा।

## ऑडियो में आई एईएन द्वारा थप्पड़ मारने की बात सामने, अब कहा कार्यवाही नहीं चाहता

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति में कार्यरत सहायक अभियंता जुगल किशोर जाटोलिया के साथ हुई कथित मारपीट व गाली गलोच के प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। जिसके तहत चाबी दिए जाने के विवाद को लेकर एक ऑडियो सामने आया है। ओडियो में खुड़ी ग्राम पंचायत के प्रशासक नवीन सिलू और सहायक अभियंता जुगल किशोर की बातचीत रिकार्ड है, जिसमें सहायक अभियंता से कहा गया है कि आप इतने बड़े आदमी नहीं हैं किसी बात को लेकर थप्पड़ मार दें। जिस पर पहले थप्पड़ मारने की बात सहायक अभियंता स्वीकार करते सुनाई दे रहे हैं। दूसरी ओर नवीन सिलू द्वारा ये पूछे जाने पर कि आपको लगी है क्या, इस पर सहायक अभियंता द्वारा यह कहा जाता है कि मुझे भी नहीं लगी और उसे भी नहीं लगी। जिस पर बात खत्म करने की बात कही जाती है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 1651-1670 दिनांक 06/11/2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 17-11-2025 (06:00 PM)

| Sr. No | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 65/2025-26 | PHE2526WSRC08237 |
| 2 | 66/2025-26 | PHE2526WSRC08238 |
| 3 | 67/2025-26 | PHE2526WSRC08239 |
| 4 | 68/2025-26 | PHE2526WSRC08240 |
| 5 | 69/2025-26 | PHE2526WSRC08241 |
| 6 | 70/2025-26 | PHE2526WSRC08242 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

**Executive Engineer,**
**PHED Division Taranagar**
**Contact- 98871-81073**

DIPR/C/16649/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ)**

**Tel. 01562-250343, e-mail- cephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed @rajasthan.gov.in**

No- 2108 2121 Date :-07.11.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 23/2025-26 Construction & Commissioning of 10 Nos. 125 mm diameter Bore Holes for Hand Pumps and installation of India Mark II/III Hand Pumps Complete with Platform at Various Villages under PHED Division churu and Nit no 24/2025-26 Rate Contract for Fabrication work (Cutting,threading, welding etc.) at various WSS under PHED City Sub Div. Churu are invited form interested bidders upto 18-11-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http// sppp. rajasthan. gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 23/2025-26 Rs. 08.86 Lacs and Nit no 24/2025-26 Rs. 06.00 Lacs
UBN No. PHE2526WSOB08294 RS 08.86 Lacs.
UBN No. PHE2526WSRC08296 RS 06.00 Lacs.

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

DIPR/C/16576/2025


## सर्व ब्राह्मण एकता मंच के जिला युवा उपाध्यक्ष बने भरत शर्मा

### कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** सर्व ब्राह्मण एकता मंच राष्ट्रीय संयोजक अशोक शर्मा तथा राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल जैमन जी ने सर्व ब्राह्मण एकता मंच झुन्झुनूं के युवा उपाध्यक्ष पद पर भरत शर्मा बिसाऊ निवासी को तथा गौरव माटोलिया को जिला महामंत्री , पंडित जुगल किशोर शास्त्री को जिला कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी तथा पंडित संजय शर्मा नुंआ निवासी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया, नियुक्ति होते ही ब्राह्मण सर्व समाज में खुशी की लहर दौड़ गई, इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा मंडावा, शुभम शर्मा,बाबूलाल शर्मा, बलबीर थलिया, मनोज सहल, शंभू दयाल जोशी, अमित शर्मा ज्योतिष आचार्य सिंघाना,लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## डॉ राजकुमार शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर आज



जयपुर टाइम्स

**नवलगढः** नवलगढ के स्टेशन रोड़ स्थित सेवा ज्योति केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें सम्पत सिंह ने बताया पूर्व विधायक डॉ राजकुमार शर्मा के जन्मदिन पर हर वर्ष की भांति कोंग्रेस कार्यकर्ता के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी ग्रामपंचायत के कोंग्रेस के कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ राजकुमार शर्मा रामसापीर मंदिर में धोक लगाकर दिन की शुरुआत करते हैं उसके बाद रक्तदान शिविर में पहुंचेंगे। रक्तदान शिविर का समय प्रातः 9 बजे से शायं 5 बजें तक रहेगा। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी है जिसमें आप सभी आमंत्रित हैं । रक्तदान महादान होता है आपका एक यूनिट दान किसी के जीवन को बचाने का कार्य करता है।


## राजकीय उप जिला अस्पताल में डॉ पवन शर्मा ने किया सफल ऑपरेशन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल के ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ पवन शर्मा ने 16 वर्षीय युवती पूजा का सफल ऑपरेशन कर उसका दर्द खत्म किया है। डॉ शर्मा ने बताया कि पूजा के दाएं कान के आगे संक्रमण होकर नासूर (फोड़ा) बन गया था। संक्रमण बढ़ने पर वहां रस्सी जैसी गांठ बन गई थी। जिससे युवती को लगातार दर्द और सूजन की समस्या बनी हुई थी। परिवारजन उसे लेकर राजकीय उप जिला अस्पताल में आये और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ पवन शर्मा को दिखाया गया। डॉ पवन शर्मा ने ऑपरेशन की सलाह दी तो परिजनों ने सहमति जताई। डॉ शर्मा ने जांच के बाद ऑपरेशन किया नर्सिंग टीम की कुशलता से ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और अब युवती पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ शर्मा ने बताया कि कान और आस पास के हिस्से में संक्रमण को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। समय पर इलाज करवाने से बड़ी जटिलता से बचा जा सकता है। वहीं सफल ऑपरेशन पर अस्पताल प्रभारी डॉ चन्द्रभान जांगिड़ ने भी ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ पवन शर्मा को बधाई दी।

## भैरव अष्टमी के अवसर पर भैरूजी मंदिर हुआ भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर लक्ष्मणगढ़ स्थित गढ़वाले भैरूजी मंदिर में भैरव जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस अवसर पर भैरव विकास सेवा समिति की ओर से विशेष श्रृंगार, भजन संध्या और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।समिति के राधेश्याम गुर्जर ने बताया कि भैरव दरबार को आकर्षक फूल-मालाओं और दीपों से सजाया गया। शाम को आयोजित भजन संध्या में जोड़ा भाई, गंगानगर वाले ने अपनी डेरू की अनोखी कला और भक्तिमय भजनों से माहौल को भावविभोर कर दिया। वहीं वृंदावन से पधारे कथावाचक रामजी महाराज ने भैरव जन्म कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावलोक में पहुंचा दिया।कार्यक्रम में बुधगिरी मढ़ी के पीठाधीश्वर दिनेशगिरी जी महाराज ने भी उपस्थित होकर सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक एकता के लिए प्रेरणा दी। समिति के सचिव नेमीचंद गुर्जर व अजय गुर्जर ने बताया कि जन्मोत्सव अवसर पर भक्तों ने बाबा की विशेष आरती में भाग लिया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।समिति अध्यक्ष बनवारीलाल गुर्जर ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## राजलदेसर थाने के थानाधिकारी कमलेश को भावुक विदाई, नए सीआई सुरेन्द्र बारूपाल ने संभाला कार्यभार



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** राजलदेसर पुलिस थाने में पदस्थापित थानाधिकारी कमलेश कुमार के स्थानांतरण पर गुरुवार को थाना परिसर में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक इंसार खान ने की, जबकि नए सीआई सुरेन्द्र बारूपाल, सेवानिवृत्त उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. हिरालाल सोनी एवं सीएचसी प्रभारी कपिल धाभाई मंचासीन रहे। समारोह को संबोधित करते हुए थानाधिकारी कमलेश कुमार ने कहा कि राजलदेसर क्षेत्र के लोगों एवं थाना स्टाफ का उन्हें कार्यकाल के दौरान भरपूर सहयोग मिला। यहां के लोग सहयोगी स्वभाव के हैं तथा क्षेत्र से मिले स्नेह और सम्मान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने पुलिस के ध्येय 'अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास' को मजबूती देने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। थाना स्टाफ ने उन्हें माला पहनाकर, साफा बांधकर एवं घोड़ी पर बैठाकर पारंपरिक तरीके से विदाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, व्यापार मंडल सदस्य, पुलिस मित्र, सीएलजी सदस्य, महिला सखी सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विदाई के बीच नए सीआई सुरेन्द्र बारूपाल की पदस्थापना की औपचारिक घोषणा भी की गई।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
14 नवम्बर, 2025

# सार्वजनिक निर्माण कार्यों में रखे गुणवत्ता का ख्याल - महर्षि

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर 44 व वार्ड नंबर 4 में सड़क निर्माण स्थल पर जाकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान महर्षि ने अधिकारीयों को सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक कार्यों में गुणवत्ता का ख्याल रखने के साथ ही तय समय में निर्माण कार्य पूरा करवाने के निर्देश भी दिया । वार्डवासियों ने महर्षि एवम अन्य भाजपा नेताओं का साफा,दुपट्टा पहनाकर एवम एक दुसरे को मिठाइयां खिलाकर स्वागत एवम अभिनन्दन किया । महर्षि ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा एवम स्वायत शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा प्रदेश के विकास को लेकर संकल्पित है । भाजपा शहर मण्डल के पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर वार्डवासियों की



मांग को देखते हुए निर्माण कार्य शुरू करवा रहे है इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर उचित निगरानी भी की जा रही है । भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि शहर के वार्ड नंबर 44 में बीटी सड़क निर्माण कार्य दुग्गड़ कोम्प्लेक्स से खेमका पार्क वाया आनन्दीलाल सारस्वत के घर से होते हुए आँखों की अस्पताल के पीछे की गली को शामिल करते हुए खेमका पार्क तक लगभग 21.34 लाख रुपये की लागत से एवम वार्ड नंबर 04 में नई सड़कें क्रमशः सी.सी. सड़क निर्माण कार्य चम्पालाल के प्लाट से बाबूलाल स्वामी के घर तक, बजरंग के घर से राजकुमार स्वामी के घर तक लगभग 17.11 लाख रुपये की लागत से, सी.सी सड़क निर्माण कार्य दिनेश कुमार के घर से जालूराम के घर तक लगभग 20.28 लाख रुपये की लागत से,सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सुमन कँवर के प्लाट से संतलाल के घर तक वाया महेंद्र के घर से बीरबल सिंह के घर तक लगभग 18.03 लाख रुपये की लागत से,सी.सी. सड़क निर्माण कार्य लिंक रोड से नेमीचन्द के घर तक वाया प्रभुनाथ मंडा लगभग 24.75 लाख रुपये की लागत से,सी.सी. सड़क निर्माण कार्य भंवरी देवी के घर से हर्ष यादव के घर तक,नोपाराम की जमीन से विजय सिंह के घर तक व राजकुमार के घर से इन्द्रचंद काछवाल के घर तक लगभग 18.95 लाख रुपये की लागत से नई सडकों का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है । इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा,बजरंग गुर्जर,दीनदयाल पारीक,जिला प्रवक्ता ओम महर्षि,शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला,संजय सारस्वत,किशन सैनी,सुभाष भूण, मण्डल महामंत्री दीपक मुरारका, मण्डल मंत्री भीवराज प्रजापत,हेमन्त पंवार,कन्हैयालाल चौमाल, हिम्मत सिंह,प्रवीण शर्मा,हनुमान सिंह,पृथ्वी सिंह, रामवतार पुजारी,ओमप्रकाश महर्षि,रामावतार शर्मा, महेश इन्दौरिया,आनन्दी लाल सारस्वत, इन्द्रचंद महर्षि,दीनदयाल सांखोलिया,रमेश सारस्वत, परमेश्वरलाल वर्मा, रामधन महर्षि, बनवारी गौड़,सुशील इन्दौरिया,राकेश गौड़, मनोज सैनी,देवकरण सैनी ,महेश नाई, सोमदत्त शर्मा,महेंद्र जाट,रामप्रताप पूनिया, प्रदीप शर्मा,बद्रीप्रसाद स्वामी,राजकुमार स्वामी,भंवर सिंह,सुरेन्द्र सिंह,अभय सिंह,योगेश शर्मा,योगेश प्रजापत,मनोज प्रजापत, शीशपाल झाझडिया,नरपत सिंह, भीख सिंह,प्रदीप सैनी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता एवम वार्डवासी उपस्थित थे ।

# गाड़ी गड्ढे में गिरी, तीन लोग हुए घायल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** छापर रोड पर देर रात करीब सवा 1 बजे मारुति शोरूम के पास छापर साइड से आ रही पिकअप दो तीन पलटी मारकर सड़क के पास स्थित गड्ढे मे गिर गयी, जिससे उसमें बैठे 3 लोग घायल हो गए। राहगीर कैलाश प्रजापत, ललित पारीक, त्रिभुवन लाटा, प्रवीण तथा अन्य ने तीनो को बाहर निकाला। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भागीरथ की सहायता से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाकर इलाज शुरू कराया गया। घायलों मे विवेक पुत्र महेंद्र सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी नरहड़, नवलगढ़ झुंझुनू, हरीश पुत्र मोहन शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी पलवल हरियाणा, विकास पुत्र सुरेश जाट उम्र 26 वर्ष निवासी दुर्जनपुर, जींद हरियाणा के नाम शामिल हैं। हरीश के ज्यादा चोट की वजह से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल सत्यनारायण घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। कैम्पर किस वजह से पलटी मारी अभी तक पता नहीं चला है। सभी घायल रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य मे मजदूर हैं।

# निलंबित पटवारी को बहाल करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पटवार संघ की स्थानीय शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक ज्ञापन जिला कलक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपकर तहसील में निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल किए जाने की मांग की है। पटवार संघ उपशाखा सुजानगढ़ अध्यक्ष गोपाल मेघवाल, पटवारी रूपचंद चौधरी, ओंकार सिंह, शर्मिला राठी, हरिराम, महिपाल, माल सिंह, विजेंद्र सिंह, सरोज, बसंत डूंगर सिंह, ओम प्रकाश, विकास, कृष्ण, सुरेंद्र आदि पटवारियों ने ज्ञापन सौंपते वक्त बताया कि तहसील क्षेत्र में पटवार मंडलों की अपेक्षा पटवारी बहुत कम कार्यरत हैं। जिसके कारण एक-एक पटवारी के पास दो तीन पटवार मंडलों का कार्यभार रहता है। जबकि गिरदावरी ऐसा समयबद्ध कार्य है, जिसको तय समय सीमा में पूरा करना पड़ता है। जिसके चलते एक पटवारी द्वारा तीन चार पटवार मंडलों की गिरदावरी किया जाना असंभव है। जबकि रोजमर्रा के काम भी इस कार्य को प्रभावित करते हैं। ऐसे में तीन-चार पटवारियों का काम एक ही व्यक्ति को करना पड़ता है। ज्ञापन में बताया गया है कि निलंबित पटवारी को 17 नवम्बर तक बहाल नहीं किया जाता है, तो 18 नवम्बर को सभी पटवारी अपने बस्ते तहसील कार्यालय में जमा करवा देंगे।

# रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय बालाजी नर्सिंग कॉलेज में रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने अलग-अलग ग्रुप्स बनाकर रंगोलियां सजाई और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान किए जाने, भ्रूण हत्या रोके जाने, अंतरिक्ष विज्ञान, महिला सशक्तिकरण आदि के बारे में रंगोलियां बनाकर रचनात्मक संदेश दिया। एआई का उपयोग चिकित्सा जगत में उचित या अनुचित विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन में किया गया, जिसमें अलग-अलग ग्रुप्स के प्रतिभागियों ने अपने तर्क समर्थन और विपक्ष में प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं में निणार्यक की भूमिका पूर्व पार्षद सिराज खान कायमखानी, एबीवीपी नेता विशाल, अमित प्रजापत ने निभाई। वहीं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में रचनात्मक प्रतियोगिताओं के आयोजन को सीखने के लिए सुअवसर बताया। प्रिंसिपल अरूण शर्मा ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं अतिथियों का स्वागत समीर, कमल किशोर, हरीश आदि ने किया।

# तोदी कॉलेज के दो रोवर्स व एक रेंजर का राष्ट्रीय डायमंड जंबूरी लखनऊ में चयन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय के दो रोवर्स और एक रेंजर का चयन राष्ट्रीय डायमंड जंबूरी, लखनऊ में सर्विस रोवर व रेंजर के रूप में हुआ है। यह चयन न केवल कॉलेज बल्कि पूरे सीकर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत व रोवर लीडर डॉ. जितेंद्र कांटिया ने बताया कि महाविद्यालय से रोवर आशीष शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा, राजेश सिंह पुत्र गिरधारी सिंह तथा रेंजर मोनिका जांगिड़ पुत्री परमेश्वरलाल जांगिड़ का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। चयनित तीनों ही सदस्य पूर्व में राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। डॉ. नाथावत ने बताया कि यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है और इससे अन्य छात्र-छात्राओं को नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोवर-रेंजर क्रू के ये सदस्य निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं तथा महाविद्यालय का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन के निरंतर सहयोग से तोदी कॉलेज का रोवर-रेंजर क्रू नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# ऑटो टीपर्स का अनियमित भुगतान करने का आरोप, कानूनी कार्यवाही की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में एसडीएम को लोगों ने अनेक परिवाद प्रस्तुत किए। खुशनामा सत्याग्रही विजयपाल श्योराण सात परिवाद प्रस्तुत किये और समस्याओं के समाधान की मांग की। श्योराण ने बताया कि शहर में जो जन सुविधाओं का बहुत अभाव है, विशेष कर महिला और पुरुष शौचालय व पेशाबघरों की बहुत कमी है, इसलिए सुजानगढ़ में जगह-जगह जन सुविधाएं बनाई जाएं। इसी प्रकार नाथोतालाब के पास स्थित धर्म कांटा मार्केट के पास शौचालय की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। इसी प्रकार उपखंड क्षेत्र की सड़कों को ठीक करने को लेकर भी परिवाद प्रस्तुत किया गया। एडवोकेट तिलोक मेघवाल ने सुजानगढ़ में ऑटो टिपर द्वारा कचरा संग्रहण और उनके भुगतान के संदर्भ में जो कुछ व्यवस्थाएं हो रही हैं और जो कहीं राजस्व का दुरुपयोग ध्यान में आ रहा है उसके बारे में भी विस्तृत परिवाद प्रस्तुत किया। तिलोक मेघवाल ने उपखंड अधिकारी को लिखित और मुख्य रूप में ध्यान दिलाया कि नगर परिषद के अधिकारी नियमों के ऊपर जाकर अपनी मनमर्जी से जनता के पैसे का दुरुपयोग और बंदर बांट कर रहे लगे हैं, जो किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। मेघवाल ने बताया कि आरटीआई के जवाब में नगरपरिषद कहती है कि बिना तकनीकी अधिकारी से भौतिक सत्यापन करवाये ही कचरा उठाने के कार्य का भुगतान ऑटो टीपर एजेंसी का कार्य दिया गया। इसी प्रकार हेल्पर्स का कोई रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया। एडवोकेट तिलोक मेघवाल ने तत्कालीन ऐसे में नगरपरिषद के तत्कालीन आयुक्त दिलीप शर्मा के खिलाफ जांच करवाकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। जन सुनवाई के दौरान नगरपरिषद सहित अनेक विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रतनगढ़ की कृति व्यास ने कानून के क्षेत्र में प्राप्त की पी एच डी उपाधि

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाधिकारी कुलदीप व्यास की सुपुत्री कृति व्यास ने जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ , उदयपुर से विधि क्षेत्र में पी एच डी की उपाधि प्राप्त की है । कृति व्यास ने चूरू में बी कॉम, एल एल बी उत्तीर्ण कर उदयपुर से एल एल एम का अध्ययन पूर्ण किया और डॉ. मीता चौधरी के मार्गदर्शन में विषय ' भारत में महिला स्वास्थ्य देखभाल के लिए कानूनी सुरक्षा उपाय : सशक्तिकरण पर स्वास्थ्य देखभाल का प्रभाव और पहुंच का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन ' पर शोध कार्य पूर्ण किया है । कृति व्यास ने इस उपलब्धि के लिए श्रेय अपने माता पिता के साथ ही ससुराल के सदस्यों से मिले प्रोत्साहन , प्रेरणा और सहयोग को दिया । कृति की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के वर्तमान में कॉमर्शियल कोर्ट बीकानेर के जज विनोद कुमार सोनी ने बधाई देते हुए प्रेरणादाई बताया । पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया , रतनगढ़ बार संघ के संरक्षक एडवोकेट देवेंद्र चोटिया , मरू देश संस्थान सुजानगढ़ के अध्यक्ष डॉ घनश्यामनाथ कच्छावा , पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के जिलाध्यक्ष सूर्यप्रकाश त्रिवेदी , रतनगढ़ नागरिक परिषद दिल्ली एन सी आर के अध्यक्ष जोधराज बैद , यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सचिव गिरधर शर्मा , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास , गांधी बाल निकेतन के सचिव राजीव उपाध्याय , साहित्य कला संगम के अध्यक्ष वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य नगरवासियों ने खुशी प्रकट करते हुए बधाई दी ।

# संरक्षक स्वं चौ बच्चनाराम सिंहाग को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की




जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निसं.)** राजस्थान एजूकेशन ग्रुप के संरक्षक स्वं चौ बच्चनाराम सिंहाग की 4 पुण्यतिथि पर, राजस्थान एजूकेशन ग्रुप ने स्वं चौ बच्चनाराम सिंहाग के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने न केवल श्री सिंहाग की यादों को ताजा किया, बल्कि उनके योगदान को भी रेखांकित किया। श्रद्धांजलि समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रांगण में एक संक्षिप्त पूजापाठ के साथ हुई, जिसमें स्वं चौ बच्चनाराम सिंहाग के जीवन और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से विवेचना की गई। डॉ. प्रताप सिंह ने अपने भाषण में कहा, 'श्री बच्चनाराम सिंहाग की प्रेरणा से ही आज यह संस्था अपने शिक्षण उच्चाईयों को छू रहा है। उनकी सोच और दृष्टिकोण ने हम सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। ' कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने श्री सिंहाग के योगदानों की सराहना की। उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ' इस समारोह में विद्यार्थियों ने भी श्री बच्चनाराम सिंहाग के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके नाम पर विद्यालय में आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के छात्र/छात्राये जो पढना चाहते है उनके लिए छात्रवृति की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में, डॉ. प्रताप सिंह ने कहा, 'हमें श्री बच्चनाराम सिंहाग की शिक्षाओं को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि मेहनत और समर्पण के साथ हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। '

# भक्तिभाव से मना श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव, भजनों से वातावरण भक्तिमय

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा स्थित श्री राणी सती मंदिर परिसर में राणी सती दादी जी का जन्मोत्सव गुरुवार को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रायोजक समिति की ओर आयोजित इस विशेष अवसर पर दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने सभी भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल पाठ और आरती से हुई। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें चलो चलो दादी जी सिंधारा करसाऽ..... मेहंदी रची थारा हाथा माऽ....,कीर्तन की है रात दादी थाना आज आनो हैऽ..... जैसे मधुर भजनों ने वातावरण को भक्ति रस से भर दिया। उपस्थित महिलाओं ने तालियों की गूंज और झूमते कदमों से पूरे परिसर को आनंदमय बना दिया। शहर के विभिन्न निवास स्थलों पर भी दादी जी की बेटियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ और भजन कार्यक्रमों का आयोजन किया। उल्लेखनीय है की इस मौके पर दादी का भव्य श्रृंगार छप्पन भोग के साथ प.गिरधारीलाल शर्मा व योगेश शर्मा के सानिध्य में विशेष पूजा - अर्चना की गई तथा हलवा और चन्ने का प्रसाद वितरण किया गया ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, धनश्याम देवड़ा, रामस्वरूप देवड़ा, लहरी प्रसाद, जेपी देवड़ा , गोपाल देवड़ा, रामवतार देवड़ा, गोपाल केडिया, प्रेमरतन झुंझुनूंवाला, प्रहलादराय देवडा, गोपी नाटाणी, आत्माराम देवड़ा, बीएल गाड़ोदिया दिनेश कुमार देवड़ा, विकास देवड़ा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# आईजी क्राइम ने नए कानूनों और तकनीकी पर दिया जोर

## थानों की कार्यप्रणाली जांची, सदर थाने और सीओ ग्रामीण कार्यालय का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** आईजी क्राइम परमज्योति कौर गुरुवार को 2 दिवसीय निरीक्षण दौरे पर झुंझुनूं पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था की स्थिति और थानों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। अपने निरीक्षण के पहले दिन आईजी कौर ने सदर थाना और सीओ ग्रामीण कार्यालय का दौरा किया। जहां उन्होंने रिकॉर्ड रखरखाव, साफ-सफाई और नए आपराधिक कानूनों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान आईजी कौर ने पुलिस की तकनीकी मजबूती, पारदर्शिता और जनता से भरोसेमंद संबंध बनाने पर विशेष बल दिया। 'पुलिस बल के मनोबल को समझना जरूरी' उन्होंने कहा कि निरीक्षण का एक बड़ा उद्देश्य जिले में कार्यरत पुलिस बल के मनोबल को समझना, उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों को जानना है। यदि कोई समस्या मुख्यालय स्तर पर हल की जा सकती है, तो उस पर तत्काल चर्चा की जाएगी। नए क्रिमिनल लॉज और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोर आईजी ने जोर देकर कहा कि नए क्रिमिनल लॉज लागू हो चुके हैं और सीसीटीएनएस पर हमारी प्रक्रियाएं अपडेट हो चुकी हैं। अब सभी अधिकारियों को यह



सुनिश्चित करना है कि हर एफआईआर, चार्जशीट, केस डायरी और अन्य कार्रवाई उसी सिस्टम में दर्ज हो, ताकि डेटा पारदर्शी और सुगम हो सके। पुलिस बल को और अधिक मजबूत बनाने के प्रयासों पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'राज्य स्तर पर कई प्रयास चल रहे हैं। थानों में आधुनिक तकनीक, डिजिटल रिकॉर्डिंग सिस्टम और रियल टाइम रिपोर्टिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'हर स्तर पर पारदर्शिता जरूरी' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर स्तर पर पारदर्शिता जरूरी है। 'पुलिस का चेहरा जनता के सामने सबसे निचले स्तर का कर्मचारी होता है,' उन्होंने कहा, 'जब जनता को यह महसूस होगा कि पुलिस तत्परता और ईमानदारी से काम कर रही है, तभी हमारे प्रति विश्वास मजबूत होगा। सदर थाने का लिया जायजा सदर थाने के निरीक्षण के दौरान, आईजी ने थाने की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, मालखाना व्यवस्था और रिकॉर्ड रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की।

# हुनर को रोजगार में बदल दो,: यही सच्चा सशक्तिकरण है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनें महिलाएं

## डॉ. रूमा देवी ने सिखाया हुनर को बाजार से जोड़ने का तरीका

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** महिला सशक्तिकरण की मिसाल और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजस्थान की बेटी डॉ. रूमा देवी गुरुवार को झुंझुनूं पहुंचीं। राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) की स्टेट ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्होंने जिले की सैकड़ों महिलाओं से सीधा संवाद किया और उन्हें आत्मनिर्भरता, उद्यमशीलता व स्थानीय हुनर को बाजार से जोड़ने की दिशा में प्रेरित किया। सूचना केंद्र सभागार में आयोजित 'रूमा देवी संग संवाद' कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान ग्रामीण विकास परिषद और रूमा देवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। डॉ. रूमा देवी ने कहा कि हर महिला के भीतर एक अनूठा हुनर छिपा है, बस उसे पहचानने और दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं यदि अपनी मेहनत, कारीगरी और स्थानीय संसाधनों को सही ब्रांडिंग और पैकेजिंग से जोड़ें, तो वे न सिर्फ अपने परिवार की बल्कि समाज की आर्थिक रीढ़ बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि अब समय है जब गांवों की महिलाएं 'सहायता प्राप्तकर्ता' नहीं, बल्कि 'रोजगार सृजक' बनें। संवाद के दौरान रूमा देवी ने विभिन्न समूहों से जुड़ी महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। उन्होंने उनके संघर्षों, जीवन के अनुभवों और आजीविका से जुड़ी चुनौतियों को सुना। कई महिलाओं ने अपने सामने आने वाली समस्याओं जैसे मार्केटिंग, उत्पादों की पैकेजिंग, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक पहुंच और प्रतिस्पर्धी बाजार में पहचान बनाने की मुश्किलों को साझा किया। इस पर रूमा देवी ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस तरह




छोटे स्तर से शुरुआत कर निरंतर गुणवत्ता और डिजाइन सुधार के जरिये बड़ा बाजार हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'राजस्थान के गांवों में हुनर की कोई कमी नहीं है, बस उसे एक पहचान देने की जरूरत है। जब महिलाएं अपने बनाए उत्पाद को गर्व से पेश करती हैं, तो आत्मनिर्भरता अपने आप उनके जीवन का हिस्सा बन जाती है। ' रूमा देवी ने बताया कि राजीविका के तहत राज्यभर में हजारों महिला स्वयं सहायता समूह विभिन्न उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अब उद्देश्य यह है कि हर जिले के उत्पाद को स्थानीय ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं की महिलाओं में अपार क्षमता है, यदि सही प्रशिक्षण और विपणन के अवसर मिलें, तो यहां के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान 'राजसखी' समूहों द्वारा बनाए गए कई उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया। इनमें वस्त्र, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और खाद्य उत्पाद शामिल थे। रूमा देवी ने इन उत्पादों का अवलोकन किया और महिलाओं की मेहनत की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग में स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाना चाहिए, ताकि बाजार में उनकी विशिष्ट पहचान बन सके। महिलाओं ने संवाद के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राजीविका के सहयोग से उन्हें वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिला है।